श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 192, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 08 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कॉमनवेल्थ गेम्सः हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा

### मैच में तय समय की समाप्ति के बाद दोनों ही टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं

**बर्मिंघमः** बर्मिंघम में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। मैच में तय समय की समाप्ति के बाद दोनों ही टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में भारत ने 2-1 से मैच जीत लिया। मुकाबला शुरू होने के बाद 29वें मिनट में भारत ने पहला गोल किया। यह गोल सलीमा टेटे ने किया। तीसरे क्वार्टर के बाद भारत 1-0 से आगे था। आखिरी मिनट में पहला गोल दागकर न्यूजीलैंड ने बराबरी हासिल कर ली। दोनों टीमों के बीच विजेता का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय गोलकीपर सविता ने शूटआउट में चार गोल बचाए। फर्स्ट हाफ की शुरूआत में इंडियन प्लेयर्स में समन्वय की कमी साफ नजर आ रही थी। इसके बाद रफ टैकल करने के लिए न्यूजीलैंड की खिलाड़ी इक्विडोर को 2 मिनट के लिए बाहर कर दिया गया। 2006 में आखिरी बार विमेंस हॉकी में भारत ने सिल्वर मेडल जीता था। इसके पहले 2002 में भारतीय महिला टीम ने हॉकी में पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। कॉमेनवेल्थ गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने गोल्ड और सिल्वर पहले जरूर जीता था, लेकिन कभी ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा नहीं जमाया था। इस बार ब्रॉन्ज जीतकर भारत ने वह कमी भी पूरी कर दी। 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल मुकाबलों में भारतीय टीम को जहां ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड के हाथों शिकस्त खाई थी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला बेहद रोचक होने के आसार थे। दरअसल, दोनों ही टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले बेहद करीब से गंवाए थे। फुल टाइम तक दोनों टीमों ने अपनी विपक्षी टीमों को बराबरी पर रोककर रखा था, लेकिन शूटऑउट में इन्होंने मैच गंवा दिए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से शूटआउट गंवाया और न्यूजीलैंड को इंग्लैंड ने 2-0 से शूटआउट में शिकस्त दी।

**भारत ने अपने पूल में 4 में से 3 मुकाबले जीते थेः** भारतीय टीम ने इस कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने पूल-ए के चार में से तीन मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में एंट्री की थी। उसने कनाडा, वेल्स और घाना को शिकस्त दी थी, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे मैच गंवाना पड़ा था। उधर, पूल-बी में न्यूजीलैंड ने बेहद ही धमाकेदार अंदाज में तीन जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और केन्या को एकतरफा शिकस्त दी थी। हालांकि उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त मिली थी।



## पीएम मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक




**नई दिल्लीः**राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी अध्यक्षता की। इसमें सभी राज्यों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, नीति आयोग के फुल टाइम मेंबर्स और केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। हालांकि, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बैठक का बहिष्कार किया है। साथ ही बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी स्वास्थ्य कारणों के चलते बैठक में नहीं पहुंचे। जुलाई 2019 के बाद से गवर्निंग काउंसिल की यह पहली व्यक्तिगत बैठक है। इसमें केंद्र और राज्यों के बीच एक नई दिशा में काम करने के लिए तालमेल बैठाने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक के एजेंडे में फसल विविधीकरण और



तिलहन- दालों और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना शामिल है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-स्कूली शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-उच्च शिक्षा का कार्यान्वयन और शहरी शासन समेत अन्य मुद्दे शामिल रहे।

**राज्यों के लिए आत्मनिर्भरता जरूरीः** सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जैसा कि भारत आजादी के 75 साल मना रहा है, राज्यों के लिए यह समय की जरूरत है कि वे चुस्त और आत्मनिर्भर हों और सहकारी संघवाद की भावना से 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर बढ़ें। बता दें कि नीति आयोग की शीर्ष संस्था परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं।

**केसीआर ने बैठक का बायकॉट कियाः** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को पीएम को पत्र लिखकर कहा कि वह राज्यों के प्रति केंद्र के वर्तमान "भेदभावपूर्ण" रवैये के विरोध में बैठक का बहिष्कार करेंगे। भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तभी विकसित हो सकता है जब राज्यों का विकास हो।

### कोरोना के बाद पहली फिजिकल बैठक

कोरोना महामारी के कारण नीति आयोग की फिजिकल बैठक का आयोजन नहीं हो पा रहा था। जुलाई, 2019 के बाद नीति आयोग की यह पहली भौतिक बैठक है।

केंद्रीय मंत्री ने साधा केसीआर पर निशाना

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि केसीआर पिछले 8 सालों से प्रशासन में पूरी तरह से फेल हो रहे हैं। सरकार कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दे पा रही है। पेट्रोल की सबसे ज्यादा कीमत तेलंगाना में है। तेलंगाना में बीजेपी मजबूत हो रही है। वहां अगले साल होने वाले चुनाव में टीआरएस हारेगी।

## कामयाबीः दिल्ली में आईएसआईएस का आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्लीः** स्वतंत्रता दिवस के पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एनआईए दिल्ली के बाटला हाउस इलाके से इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया ( आईएसआईएस) के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आतंकी का नाम मोहसिन अहमद है। वह बिहार का रहने वाला है। मोहसिन कई दिनों से आईएसआईएस मॉड्यूल का एक्टिव मेंबर है। जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम ने



बाटला हाउस के एक घर पर छापा मारा, जहां से मोहसिन को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में घर से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं।

**जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने दी जानकारीः** बताया जा रहा है कि दिल्ली के जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने मोहसिन के बारे में सूचना दी थी, जिसके आधार पर जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की। यूनिवर्सिटी के छात्रों की माने तो उसने कई छात्रों को इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रभावित करने की कोशिश की। इस मामले में जांच एजेंसी ने 25 जून को ही मोहसिन के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## बिटकॉइन के जरिए पाक कर रहा आतंकवाद को फंडिंग

**श्रीनगरः पाकिस्तान** में बैठे मास्टरमाइंड आईएसआई और आतंकी संगठनों की मिलीभगत से एजेंटों को पैसा पहुंचा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने पहली बार बिटकॉइन के जरिए आतंकवाद को फंडिंग करने की पाकिस्तानी चाल का पता लगाया है। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने जम्मू-कश्मीर के मेंढर, पुंछ, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में 2 महिलाओं सहित 7 लोगों के घरों पर छापेमारी की।

छापा मार कर जब्त किए दस्तावेजः छापों के दौरान एजेंसी ने डिजिटल उपकरणों, सिम कार्ड, मोबाइल फोन और दस्तावेज जब्त किए हैं।

## जदयू-भाजपा में रिश्ते होते जा रहे तल्ख



**पटनाः** बिहार की सियासत में रोज नए-नए मोड़ आ रहे हैं। यहां भाजपा और जदयू के रिश्तों को लेकर रोज नए-नए दावे किए जा रहे हैं। इस बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट का जदयू हिस्सा नहीं होगी। यह फैसला हमने 2019 में ही ले लिया था और हम इस पर आज भी काबिज हैं। उन्होंने कहा कि जदयू को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने की क्या जरूरत है? 2019 में ही आम सहमति पर पहुंचने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया था कि हम केंद्र सरकार में शामिल नहीं होंगे और हम इसके साथ काफी मजबूती से खड़े हैं। नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को धूमिल करने की साजिश थी। ऐसे में सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि जदयू-भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं है। जदयू ने एनडीए गठबंधन में जदयू के लिए दो सीटें मांगी थीं। इस पर भाजपा आलाकमान जारी नहीं हुए। इस वजह से नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल से बाहर रहने का फैसला किया। आरसीपी सिंह पर भी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जदयू डूबता जहाज नहीं है। यह एक तैरता हुआ जहाज है। कुछ लोग इसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग उस जहाज में छेद करना चाहते हैं। नीतीश कुमार ने उन लोगों की पहचान कर ली है, जो इसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। इसे सुधारने के लिए ही कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी नीतिश कुमार की आभारी है कि उन्होंने ऐसे लोगों को पहचान लिया। हमने पहले भी कहा है कि नीतिश कुमार की संख्या जो 43 पर आ गई वो जनाधार की वजह से नहीं बल्कि उनके खिलाफ हुई षडयंत्र की वजह से हुई लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## पत्नी का 35 लाख का बीमा कराया, फिर हत्या कराई

**राजगढ़ः** मध्यप्रदेश के राजगढ़ में कर्ज के जाल से बाहर निकलने के लिए पति ने खतरनाक साजिश रची। उसने पहले पत्नी का बीमा करवाया, फिर 5 लाख की सुपारी देकर बदमाशों से उसकी हत्या करा दी। इससे पहले कि आरोपी बीमा की रकम हासिल कर पाता, पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी के मंसूबों पर पानी फेर दिया। राजगढ़ के एडिशनल एसपी मनकामना प्रसाद ने बताया कि राजगढ़ के कुरावर जोड़ में 26 जून को पूजा मीणा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला है कि साजिश रचने वाला उसका पति बद्रीप्रसाद मीणा है। उसने न केवल शातिराना अंदाज में पूजा की हत्या करवाई, बल्कि मौसेरे भाइयों को इस मामले में फंसाने की भी कोशिश की।

**आरोपी पर 40 से 50 लाख का कर्ज हैः** बद्रीप्रसाद पर 40 से 50 लाख रुपए का कर्ज था। उसने अपनी पत्नी पूजा का 35 लाख रुपए का बीमा कराया। इसके बाद बीमा की राशि हासिल करने के लिए पत्नी की हत्या की साजिश रची। हत्या के लिए गोलू मीणा, शाकिर शाह और हुनरपाल सिंह को 5 लाख रुपए में पत्नी की सुपारी दे दी।

## बांग्लादेशः पहली बार 52% बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**ढाकाः** बांग्लादेश में जनता महंगाई से परेशान है। यहां सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम 52% तक बढ़ा दिए हैं। इससे गुस्साए लोगों ने कई जगह विरोध प्रदर्शन किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 1971 में आजादी के बाद पहली बार कीमतें इस स्तर पर पहुंची हैं। सरकार का कहना है कि इंटरनेशनल मार्केट में बढ़े फ्यूल की कीमतों के चलते देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। दरअसल, हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में जरूरी चीजों के भाव आसमान छू रहे हैं। अब डीजल-पेट्रोल के मामले में स्थिति कुछ ज्यादा ही गंभीर हो चुकी है।




**नाराज लोगों ने प्रदर्शन किएः** फ्यूल के दाम बढ़ने से लोगों में सरकार के खिलाफ नाराजगी देखी गई। लोगों ने कहा- सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 51.7 फीसदी और डीजल की कीमत में 42 फीसदी का इजाफा कर दिया है। ऐसे में हमें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**सरकार ने क्या कहा?ः** सरकार का कहना है कि पिछले 6 महीने में बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सरकारी तेल कंपनी) को 8 अरब टका (बांग्लादेशी करेंसी) का घाटा हुआ है। इधर, रूस-यूक्रेन जंग के चलते इंटरनेशनल मार्केट में फ्यूल की कीमतें बढ़ गई हैं।

इसलिए दम बढ़ने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं था। जैसे ही इंटरनेशनल मार्केट में कीमतें घटेंगी, देश में भी फ्यूल के दाम घटा दिए जाएंगे।

**बांग्लादेश में महंगाई से बिगड़ रहे हालातः** देश में महंगाई दर पिछले 9 महीने से लगातार 6 फीसदी से ऊपर बनी हुई है। जुलाई में बांग्लादेश में महंगाई दर 7.48 फीसदी तक पहुंच गई।

### 7 राज्यों में टेस्टिंग बढ़ाने, सोशल डिस्टेंसिंग पर दिया जोर; वैक्सीनेशन पर तेजी बढ़ाने के निर्देश

## कोरोना के बढ़ते मामलों पर केंद्र की एडवायजरी

**नई दिल्लीः देश** के कुछ हिस्सों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने 7 राज्यों के लिए एडवायजरी जारी की है। इन राज्यों को टेस्टिंग बढ़ाने और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे जरूरी नियमों के पालन का निर्देश दिया गया है। साथ ही वैक्सीनेशन की रफ्तार में तेजी लाने भी कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने दिल्ली, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और तेलंगाना को एक लेटर लिखा है। केंद्र की चिंता आने वाले त्योहारों को लेकर है जिनमें कोरोना संक्रमण के फैलने की आशंका है।



**दिल्ली में लगातार चौथे दिन केस 2000 के पारः** शनिवार को देश में 18,738 नए केस आए, 18,587 मरीज ठीक हुए। जबकि 40 संक्रमितों की मौत हो गई। दिल्ली में लगातार चौथे दिन दो हजार से ज्यादा मामले आए। पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में 1931, तमिलनाडु में 1094, कनार्टक में 1694, गुजरात में 965 और हरियाणा में 907 केस आए हैं। सबसे ज्यादा केस अभी भी दिल्ली में ही दर्ज किए गए हैं। लगातार चौथे दिन केस 2000 के पार रहे। शनिवार को देश के सबसे ज्यादा 2311 केस दिल्ली में ही रिकॉर्ड किए गए।

**5 राज्यों में पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी के पारः** देश के 5 राज्य ऐसे हैं, जहां पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा है। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तराखंड, गोवा, हिमाचल प्रदेश और मेघालय शामिल हैं। दिल्ली में पॉजिटिविटी रेट 13.84%, उत्तराखंड में 12.39%, गोवा में 10.85%, हिमाचल प्रदेश में 13.75% और मेघालय में सबसे ज्यादा 30.62% में रहा। दिल्ली को छोड़कर बाकी राज्यों में भले ही पॉजिटिविट रेट 10 फीसदी से ज्यादा हो, लेकिन यहां रोजाना केस हजार से नीचे ही है।

## गलत ऑर्बिट में चले गए इसरो के दोनों सैटेलाइट्स

### सफल लॉन्चिंग के बाद सेंसर फेल हुआ, इसरो ने कहा-अब किसी काम के नहीं रहे

**श्रीहरिकोटाः** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दोनों सैटेलाइट्स की रविवार को सफल लॉन्चिंग हुई लेकिन सैटेलाइट्स के सेंसर फेल हो गए। इसरो ने बताया कि दोनों सैटेलाइट्स गलत ऑर्बिट में चले गए। अब ये किसी काम के नहीं रहे। इसरो ने सैटेलाइट्स फेलियर की जांच के लिए एक कमेटी भी बना दी है। इसरो ने रविवार सुबह 9.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपना पहला



नया रॉकेट स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल डी1 लॉन्च किया था। इस रॉकेट के साथ आजादीसेट सैटेलाइट्स भेजे गए थे। इसके 75 पेलोड देशभर के 75 ग्रामीण सरकारी स्कूलों के 750 छात्र-छात्राओं ने बनाए थे। डिजाइन करने वाली लड़कियां भी लॉन्च के समय श्रीहरिकोटा में मौजूद रहीं।

### खबर संक्षेप

#### रामगढ़ धाम में रुद्राभिषेक हवन व विशाल भंडारे का आयोजन

**घूरपुर।** शिवधाम रामगढ़ स्थित प्राचीन मंदिर में सोमवार के दिन रुद्राभिषेक, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक सुभाष सिंह पटेल जिला अध्यक्ष यमुनापार भाजपा पिवमो ने समस्त क्षेत्र वासियों को सादर आमंत्रित करते हुए बताया कि रुद्राभिषेक सोमवार सुबह 9बजे से 12बजे व भंडारा 12बजे से सांयकाल 5बजे तक रहेगा।

#### नाबालिक से एक युवक ने की अश्लील हरकत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के फतुहा फुलहा गांव में एक मनचले ने घर में अकेली काम कर रही नाबालिक लड़की के साथ जोर जबरदस्ती करना चाहा लड़की के शोर मचाने पर आरोपी युवक फरार हो गया पीड़िता की मां ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। बताया जाता है कि शनिवार की रात परिवार के सभी बड़े खेत में पानी लगाने गए थे घर में केवल दो बहने ही थी। दोनो बहनों को अकेला देख पड़ोस का ही एक युवक अचानक अंदर घुस गया और 15 वर्षीय किशोरी के साथ जोर जबरदस्ती करने लगा दोनों बहनों ने मिलकर शोर मचाया तो मनचला युवक फरार हो गया कुछ घंटों बाद जब परिजन खेत से घर पहुंचे तब दोनों बहनों ने आपबीती सुनाई। पीड़िता की माँ ने सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी साथ ही सरायइनायत थाने में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत भी दी गई मामले में सरायइनायत थाना प्रभारी सुशील दुबे ने अनभिज्ञता जाहिर की।

# आपसी कहासुनी में चले लाठी-डंडे मारपीट के दौरान एक की मौत



मृतक पुरूषोत्तम की (फाइल फोटो)

आखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** आपसी कहासुनी के बाद हुई मारपीट में एक ब्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एस आर एन में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। उतरांव थाना क्षेत्र के चका गांव निवासी पुरूषोत्तम का अपने पड़ोसी धर्मेंद्र से शनिवार को कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। दो पक्षों में हुई मारपीट में पुरुषोत्तम के सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक पुरुषोत्तम हरिजन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने चार के खिलाफ मारपीट समेत अन्य संगीन धारा में केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मृतक की चार बेटे व एक बेटी है। पुरषोत्तम की मौत से पत्नी सुनीता देवी समेत परिजनों का रो -रो कर बुरा हाल है।

## डांडी के तिगनौता में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**नैनी।** डांडी के तिगनौता इलाके में शनिवार की देर रात एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने खिड़की से देखा तो उसका शव लटक रहा था। किसी तरह दरवाजा खोल कर परिजनी ने शव को नीचे उतार लिया और देखा तो उसकी साँस थम चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार तिगनौता में रहने वाले मोहम्मद इसरायल सब्जी का ठेला लगाते है। उनका पुत्र इस्माइल एलुमिनियम फिटिंग का काम करता था। उसकी शादी चार साल पहले सुजान से हुई थी। शनिवार की रात इस्माइल अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली। परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो सन्न रह गए। किसी तरह शव को नीचे उतारा तब तक इस्माइल की सांस थम चुकी थी।किसी ने फोन पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस्माइल और उसकी बीबी में पटती नही थी। घटना के बाद थाने पहुचे मोहम्मद इसरायल ने तहरीर में बताया है कि इस्माइल की हत्या की गई है और सुजान और उसकी माँ से उसे भी जान का खतरा है।

## अज्ञात वाहन से घायल युवक का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** बाइक से प्रयागराज की ओर जा रहा युवक बाइक खडी करके पेशाब करने लगा जैसे वह रोड क्रास किया। अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसे घायल हालत में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे रिशाल उर्फ बेनीपुर निवासी संजय कुमार पाल 24 वर्ष पुत्र अमरनाथ पाल 4 अगस्त को बाइक से प्रयागराज जा रहा था। बताया गया है कि जैसे वह घूरघाट प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा बाइक रोक कर पेशाब करने लगा पेशाब कर के जैसे वह रोड क्रास किया अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे संजय कुमार पाल बुरी तरह घायल हो गया। जिसे नाजुक हालत में एस आर एन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता अमरनाथ पाल ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### न्यूज झरोखा

#### शंकरगढ़ पुलिस की गिरफ्त में आए चार शातिर चोर

चोरी के सबमर्शिबल पंप समेत तमाम घरेलू सामान बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सबमर्शिबल पंप समेत तमाम घरेलू सामान बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने चारों का चालान भेज दिया है। यह गिरफ्तारी सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह, सुमित कुमार वर्मा, कांस्टेबल सौरभ राय, बलिराम सिंह, अनीष और ओम जी की टीम ने की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को थाने की पुलिस टीम ने क्षेत्र के रानीगंज पगुआर से चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चुराए गए सबमर्शिबल पंप, भगोना, थाली, गिलास,तलसा, परात, गैस चूल्हा, सिलेंडर ट्रे इत्यादि बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्त में आए राकेश पुत्र स्व. फूलचंद्र (निवासी वार्ड पांच, राजा कोठी, शंकरगढ़), समरजीत उर्फ धनगू पुत्र दद्दन कोल (निवासी रानीगंज, पगुआर, शंकरगढ़), कमलेश पुत्र जवाहर लाल (निवासी उपरोक्त) और छोटू पुत्र हरीलाल आदिवासी (निवासी उपरोक्त) का चालान भेज दिया है।

#### शातिर मोबाईल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

झूंसी। थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला एक शातिर युवक शनिवार की रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन चोरी के मोबाइल बरामद किये। छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह ने शनिवार की रात गश्त के दौरान टीकरमाफी मोड के बाद से कोहना गांव निवासी शुभम भारतीय पुत्र रमेश भारतीय को गिरफ्तार कर थाने लाए पुलिस ने पकड़े गए युवक से सख्ती दिखाई तो पता चला कि वह झूंसी कोहना में कई जगह से मोबाइल और पैसे चुरा चुका है जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन चोरी के फोन भी बरामद किए इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया शुभम कीडगंज से भी जेल जा चुका है।

#### रक्तदान शिविर में 50 लोगो ने किया डोनेट




**प्रयागराज।** धूमनगंज छेत्र के गंगा विहार कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर में वरिष्ठ समाजसेवी सोनू पाण्डेय एवं नीरज सिंह के के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय लोगो ने अपनी भागीदारी निभाई और प्रयागराज चैरिटेबल ब्लड बैंक 50 यूनिट के करीब रक्त दान किया इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर 59और वरिष्ठ समाज सेवी नीरज सिंह ने कहा की आज समाज मे बहुत से ऐसे लोग हैं जो रक्त के आभाव मे अपने प्राण त्याग देते हैं ऐसी स्थिति मे हम सभी का ये कर्तव्य बनता हैं की हम सभी जागरूक हों और बढ़ चढ़ कर रक्त दान करें और समाज के हर वर्ग की सहायता करनी चाहिए इस अवसर पर सर्व मुन्ना पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, पंकज राणा, मिथलेश पाठक, बबलू मिश्रा, परवीन सिंह, आलोक राय, राहुल शर्मा, सुधांशु पाण्डेय,अमन कश्यप, आशुतोष राणा, रुपेश त्रिपाठी, मनीष दुबे, विजेंद्र मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, पवन सिंह, भोलू मिश्रा, सुशील त्रिपाठी, शंकर सिंह, ज्ञानेश सिंह, राज शुक्ला, आकाश शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहें।

#### माँ गायत्री कॉलेज आफ फामेर्सी में पौधारोपण किया गया



**प्रयागराज।** रविवार को इलाहाबाद रोटरी क्लब एवं इलाहाबाद इष्ट रोटरी क्लब और यूफोरियल यूथ सोसाइटी के सयुंक्त तत्वावधान में माँ गायत्री कॉलेज फामेर्सी सरस्वती आवासीय प्लॉट,मवैया रोड,नैनी,प्रयागराज में टीम ने कॉलेज के प्रबंधक और निर्देशक एवं बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।जिसमें हर किस्म के पौधे लगाए गए जिसमें आंवला, अमलतास, हरसिंगार, नीम, अर्जुन आदि पौधे रोपित किए गए`कॉलेज के निर्देशक और यूफोरियल यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष देवेश ने बच्चों को आने वाले समय में होने वाली पर्यावरण की समस्याओं से अवगत कराया और पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को उपाय बताया कि हम पौधरोपण करें एवं प्लास्टिक बैग का उपयोग ना करें क्योंकि प्लास्टिक बैग से ना केवल हम पर्यावरण दूषित कर रहे और ये जानवरों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं तो हमें इसके प्रयोग से बचना होगा,इस कार्यक्रम में शामिल माँ गायत्री कॉलेज फामेर्सी के निर्देशक अनिल कुमार श्रीवास्तव,प्रबंधक विनय कुमार श्रीवास्तव,यूफोरियल यूथ के अध्यक्ष देवेश जायसवाल,अनीश पांडेय,गगन सिंह,रितेश मिश्रा, सुनील द्विवेदी,सचिव शशांक जयसवाल,अनूप श्रीवास्तव,अमर सिंह? ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

#### ईट उद्योग संचालकों ने जीएसटी पर जताई नाराजगी




**करछना।** रविवार को करछना क्षेत्र के बेंदौ गांव में संगम ईट निमार्ता समिति के बैनर तले ईट भट्ठा संचालको ने बैठक किया। सरकार की ओर से ईट उद्योग पर लगाई गई जीएसटी को लेकर विरोध जताया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उमाशंकर आयरानी ने सरकार द्वारा कोयले की दर में की गई बढ़ोतरी, लाल ईद की बिक्री में जीएसटी , कंपोजिशन स्कीम को समाप्त करते हुए जीएसटी स्लैब में अप्रत्याशित की गयी बढ़ोतरी के विरोध में नाराजगी जताई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि अगर सरकार द्वारा लागू की गई नियम को समाप्त कर नहीं किया गया तो ईट निर्माण का काम बंद कर देंगे। भट्ठा मालिकों ने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। जिस मौके पर महा मंत्री प्रीतम सिंह, राजपाल पटेल, विजय बहादुर शर्मा, अमर सिंह, पिंटू सिंह, महेंद्र प्रताप पटेल, भगवत प्रसाद, उमाशंकर आदि भट्ठा संचालक मौजूद रहे।

#### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा आयोजन




**जारी।** जारी बाजार में दिन रविवार को राधा माधव भक्त मंडली द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में आयोजित चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे। जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। कथा वाचिका किशोरी मनुप्रिया ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्रति दिन कथा श्रवण के लिए काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मनोज केसरवानी, तिवारी जी,शिवराम अग्रहरि, अवधेश अग्रहरी ,लालजी श्रीवास्तव, बृज भूषण (वृंदावन), रजनीश गुप्ता, राजेन्द्र मौर्या,पंकज द्विवेदी,अशूंल,पांडेय आदि भक्तगण मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

## लक्क्षागृह घाट पर शव दाह को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन नही हुई सुनवाई



**प्रयागराज।** जिले के ऐतिहासिक और पैराणिक धार्मिक स्थल लाक्षागृह में शव को कच्चे घाट पर दाह संस्कार करने को लेकर साध्वी अर्चना ने हंडिया उपजिलाधिकारी को 15 दिन पूर्व एक ज्ञापन दिया गया था। लेकिन अभी तक मामले को संज्ञान नही लिया गया। आपको बताते चलें कि धार्मिक और पैराडीक स्थल लक्ष्यागृह में प्रत्येक शनिवार को साध्वी अर्चना के द्वारा जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन की तरफ से कई महिलाओं का एक समूह बनाकर गंगा की सफाई की जाती है। और हर रोज शाम को गंगा आरती के बाद प्रशाद का वितरण भी किया जाता है। लेकिन लाक्षागृह घाट पर एक कच्चा घाट और दो पक्का घाट बना हुआ है। शव को दाह करने के लिए लोग पक्के घाट पर दाह संस्कार करते है। जिससे गंगा में काफी गंदगी हो जाती है। जब कि विगत 4 सालों से साध्वी अर्चना महारानी के द्वारा गंगा की सफाई अभियान चलाकर की जाती है। गंदगी को लेकर साध्वी अर्चना ने उपजिलाधिकारी हंडिया रमेश मौर्या को इसके सम्बन्ध में एक सूचना के माध्यम से ज्ञापन दिया गया था कि शव दाह करने का एक नियम बनाये और निशित स्थान पर शव दाह करे जिससे गंगा में सफाई बनी रहे। और भक्त आसानी से आरती करें। लेकिन उपजिलाधिकारी हंडिया ने अभी तक मामले का संज्ञान नही लिया साध्वी अर्चना ने बताया कि बीते 4 साल से लक्षागृह की कुछ महिलाओं का समूह लगातार गंगा की सफाई कर रहा है और शाम को गंगा आरती किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र की कई महिलाएं लगातार भाग लेते हैं हम क्षेत्र से लोग क्षेत्र के लोगों से अपील करते हैं की दाह संस्कार चिन्हित स्थल पर किया जाय।

## हनुमान मंदिर बघेड़ी प्रांगण बना नशेड़ियों का अड्डा, ग्रामीणों में आक्रोश

**जंघई।** हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ी, राचनपुर बघेड़ी परिसर में गांव के कुछ शरारती तत्वों एवं नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है आम जनता एवं पूजा पाठ करने वाली महिलाओं, श्रद्धालुओं एवं स्कूल जाने वाली बच्चियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नशेड़ियों एवं अराजक तत्वों द्वारा गांव के सीधे सादे नागरिकों बहन बेटियों एवं महिलाओं के उपर अभद्र टिप्पणी की जाती है और जब गांव के वरिष्ठ नागरिक तथा युवक मना करते हैं तो इन मनबढ़ो द्वारा अभद्रता करते हुए तरह तरह की धमकियां दी जाती है जिससे गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने थाना सरायममरेज एवं पुलिस चौकी जंघई में प्रार्थना पत्र देकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जो गांव में अशांति डर एवं अराजकता का माहौल बना रहे हैं अन्यथा कभी भी कोई अप्रिय स्थिति हो सकती है।

## अमृत सरोवरों को दुल्हन की तरह संवारने की कवायद में तेजी

अखंड भारत संदेश

### स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारी





**करछना।** विकास खंड करछना क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारी जोरों पर पर चल रही है। जिसके लिए नामित अमृत सरोवरो व ग्राम सभाओं में बने तालाबों को अभियान के तहत सरोवर को सजाने व सवारने का काम किया जा रहा है। ग्राम प्रधान के द्वारा तालाब के चारों ओर इन्टरलाकिंग, कुर्सी, पौधरोपण व पार्क के साथ स्ट्रीट लाइट और पक्के घाट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो लोगों में आकर्षण का केंद्र बन रही है । वही सासन का आदेश है कि सरोवर का काम 10 अगस्त तक हर हाल में पूरा कर लिया जाय। जिसको देखते हुए क्षेत्र के बीरपुर, करछना, रीवा महोरी, बस्तर, मनैया, पुरैनी, चेनैनी ग्राम सभा में मनरेगा के तहत बन रहे सरोवरों के काम में तेजी ला दी गई है और उसे सजा कर अन्तिम रूप देने का काम किया जा रहा हैं चनैनी गांव के प्रधान धीतेश तिवारी ने बताया कि शासन की मंशा है की इस बार ग्राम सभाओं में बन रहे अमृत सरोवर पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा इसी उद्देश्य को लेकर तालाबों को अमृत सरोवर के तर्ज पर मनरेगा मजदूरों को लगाकर सजाने का काम किया जा रहा है।

# पावस की एक शाम कवियों के नाम

अखंड भारत संदेश




**करछना।** सुरमई गीतों के ललित कवि डॉ राजेंद्र शुक्ल के आवास बलापुर में रविवार पावस की एक शाम कवियों के नाम का आयोजन विख्यात लोक कवि रामलोचन सांवरिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें पंडित मनमोहन शुक्ल की वाणी वंदना से सरस्वती का आह्वान किया गया और शाम गीतों की सुरलहरी से झंकृत हो उठी कवियों ने अपना सस्वर काव्य पाठ करके शाम को सुवासित करते हुए रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सहृदय साहित्य प्रेमी प्रखर वक्ताओं ने भी साहित्यिक चर्चा से आयोजन को गरिमा मंडित किया डॉ अपर्णा शुक्ला एवं लव कुमार पांडेय के उद्बोधन से कवियों और श्रोताओं में असीम उर्जा का संचार हुआ सवरेज अहमद की राष्ट्रीय चेतना से भरपूर कविता जब श्रोताओं के सम्मुख आई तो अनायास सब लोग वाह-वाह कर उठे और तालियों की गूंज ने कवि के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया। उभरते हुए कवि वेदानंद वेद ने अपनी सार्थक रचना से वातावरण को गंभीर बनाया और खूब तालियां बटोरी वेदानंद की भगवान श्री राम पर आख्यायिका बहुत ही सुंदर रही वीर रस के ओजस्वी कवि डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर के संचालन में हुए इस काव्योत्सव मैं जब राजेंद्र शुक्ल ने गीतों की प्रस्तुति दी तो एक और एक और के आग्रह पर श्री शुक्ल ने श्री राम की मयार्दा पुरुषोत्तम की छवि गीतों में ढालकर श्रोताओं की चिंतन धारा को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया सफल संचालन कर रहे डॉ वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर ने कैकेयी खंड काव्य से अपनी रचना सुनाकर शाम की आभा को भाव प्रवणता की ऊंचाई पर पहुंचा दिया पंडित मनमोहन शुक्ल वेदानंद विश्वकर्मा वेद डा० सबरेज अहमद डा० राजेन्द्र शुक्ल की रचना के बाद रायबरेली की विख्यात कवयित्री डा० गीता पाण्डेय अपराजिता ने फोन पर अपनी धारदार प्रस्तुति दी और सभी श्रोताओं ने खूब वाहवाही दी। अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ में लोक कवि राम लोचन सांवरिया ने राम के उदात्त चरित्र को निरूपित किया और रामायण की महत्ता को इस तरह व्याख्यायित किया कि लोग आनंद के अतिरेक से भर गए पावस की यह शाम अपनी पूर्णता से पहले सभी उपस्थित जनों को मिष्ठान माधुरी में डुबो गई धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शुभम शुक्ल ने आभार जताया।

## बेटे ने हथौड़े से की थी पिता की हत्या, अपील खारिज

**प्रयागराज।** मेरठ के कोतवाली थानातर्गत 2015 में हुई 70 वर्षीय प्रेम कृष्ण शर्मा की हत्या करने वाला कोई और नहीं, उसका बेटा ही था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में विचार के बाद इसकी पुष्टि कर दी है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया जिसने अपीलकर्ता को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि पिता की हत्या पुत्र ने ही की है। जबकि, याची/अपीलकर्ता अपनी बेगुनाही साबित नहीं कर सका। यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ.कौशल जयेंद्र ठाकर और न्यायमूर्ति अजय त्यागी ने अनुराग शर्मा की अपील को खारिज करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकरण में परिस्थितियों की शृंखला इतनी पूर्ण एवं एक दूसरे से जुड़ी हुई है कि अभियुक्त/अपीलकर्ता के दोष के संबंध में कोई संदेह नहीं रह जाता है कि अपराध केवल अपीलकर्ता ने किया था। कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता का अपराध करने का मकसद था क्योंकि, उसके कहने पर ही मौके पर हथौड़ा बरामद हुआ है। जांच रिपोर्ट से हथौड़े पर खून के धब्बे की पुष्टि होती है। चिकित्सा साक्ष्य भी अभियोजन पक्ष का समर्थन करते हैं। अपीलकर्ता के घर में लूट या डकैती के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं मिला है।

## धरवारा स्मृति उद्यान वन में लगे पौधों को अराजक तत्वों ने किया नष्ट, आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**करछना।** ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत धरवारा के मजरा डाभी ग्राम में शासन के निर्देशानुसार बना स्मृति वन में वन महोत्सव अभियान के तहत लगाए गए पौधों को आए दिन अराजक तत्वों की ओर से उखाड़ दिया जा रहा है । जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत धरवारा के मजरा डाभी गांव मे वन स्मृति में कुल 500 पौधों का पौधरोपण कराया गया है । जिसकी चारों ओर से घेराबंदी भी कराई गई है। इसके बावजूद भी डाभी गांव के कुछ लोगों की ओर से पौधों को आए दिन उखाड़ दिया जा रहा है । उन्होंने बताया कि शनिवार की रात्रि में भी कुछ पौधे उखाड़ दिए गए। और रविवार को फिर से पौधरोपण कराया गया। उन्होंने बताया कि एक अगस्त की रात्रि में घेराबंदी को तोड़ कर अनेक पौधे स्मृति वन से उखाड़ दिए गए थे । जिसकी लिखित तहरीर करछना थाने में डाभी गांव निवासी लालजी सोनकर ललयी सोनकर मल्लू माता प्रसाद के खिलाफ दी गई थी। लेकिन कार्यवाही के अभाव में अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। जो आए दिन अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्मृति वन की रखवाली कर रहे कल्लू कोल को भी उक्त लोगों की ओर से आए दिन गाली गलौज के साथ मारपीट की भी धमकियां दी जा रही हैं।

# शंकरगढ़ में 2500 लोगों ने लगवाई बूस्टर डोज

अखंड भारत संदेश

## सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस समेट समेत 18 स्थानों पर चलाया गया टीकाकरण अभियान




**शंकरगढ़।** प्रीकाशन डोज के महाअभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ क्षेत्र में 2500 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रीकाशन डोज के लिए सीएचसी, पीएचसी समेत कुल 18 स्थानों पर टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें भारी संख्या में स्थनीय लोगों ने प्रीकाशन डोज का लाभ लिया। सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रीकाशन डोज महाअभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालापुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारीबारी, प्राथमिक विद्यालय लौंदखुर्द, प्राथमिक विद्यालय आमगोंदर, प्राथमिक विद्यालय जोरवट, उपकेंद्र कल्याणपुर, प्राथमिक विद्यालय गड़ैया लोनीपार, पंचायत भवन मवैयाकला, प्राथमिक विद्यालय छोटी मौहरिया, उपकेंद्र सुरवल साहनी, उपकेंद्र भारतनगर, प्राथमिक विद्यालय हिनौती पांडेय, प्राथमिक विद्यालय भडिवार, लोहगरा, गाढ़ा कटरा, करिया कला और पंचायत भवन नीबी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाया। शंकरगढ़ में टीकाकरण की शुरूआत ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी द्वारा की गई। मौके पर अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह के साथ अर्चना और सरिता सिंह मौजूद रही।

## सीएचसी प्रतापपुर में बूस्टर डोज शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने किया



**प्रतापपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में रविवार को आयोजित कोरोना बूस्टर डोज सत्र का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह द्वारा रविवार को फीता काटकर किया गया।इस मौके पर उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के प्रसार से बचने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बूस्टर डोज की खुराक सभी लाभार्थियों को दिये जाने की घोषणा हुई थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर हो एवं अपना द्वितीय डोज 6 माह पहले पूरा कर लिया हो। सीएचसी अधीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि बीबीपुर, सोरों, मड़वा, जंघई पीएचसी अतिरिक्त सीएचसी नेदुला सहित 20 केंद्रों पर मेगा शिविर लगाकर तीन हजार लोगों को बूस्टर डोज देने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत इंटर कॉलेज उग्रसेनपुर में हो रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक उदयराज कुशवाहा टीकाकरण कर्मी रुपम सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मी तथा जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा, सुरेंद्र शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, महामंत्री शेषधर शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष महावीर मिश्रा, मीडिया प्रभारी कान्हा सिंह पटेल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष लाल पटेल, संजय विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### उमरे प्रमुख स्टेशनों पर बढ़ाएगा ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे अब प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और बढ़ाने जा रहा है। वित्तीय वर्ष में प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, आगरा कैंट, अलीगढ़, इटावा, झांसी, मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशनों पर 67 एटीवीएम लगाने की तैयारी है। यह सुविधा ए-1 ग्रेड के रेलवे के स्टेशनों पर शुरू हुई। बाद में एटीवीएम ए, बी एवं सी श्रेणी के स्टेशनों में भी लगने लगे। वर्तमान समय में प्रयागराज जंक्शन समेत जोन के 55 स्टेशनों पर कुल 147 एटीवीएम लगे हुए हैं। अब इन्हें और बढ़ाए जाने की मंजूरी दी गई है।

### अपना दल एस के वरिष्ठ नेता ने की बैठक

**फाफमऊ।** अखिल भारतीय व्यापारी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश संरक्षक एवम अपना दल एस के वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल ने के मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने अपना दल एस को राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त होने पर राष्ट्रिय अध्यक्ष एवम केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी एवम प्रदेश मंत्री आशीष पटेल जी को बधाई दी है अग्रवाल ने कहा कि यशकायी डॉ सोनेलाल पटेल के सपनो को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने साकार किया है उपरोक्त अवसर पर अभिषेक अग्रवाल सुरेंद्र पटेल अंकुश पटेल पंडित यादव अकीलेंद्रा सोनी मोंङ्क सैफ बच्चा यादव आदि थे ।

# क्राइम ब्रांच का सिपाही बनकर व्यापारी से चांदी लूटने वाले तीन सिपाही गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शाहगंज पुलिस ने एक व्यापारी से चार किलो चांदी की लूट में रविवार को तीन सिपाहियों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों सिपाही प्रतापगढ़ में तैनात हैं। शनिवार की रात उन लोगों ने क्राइम ब्रांच का सिपाही बनकर शाहगंज इलाके में व्यापारी को पकड़ा था। उससे चार किलो चांदी लूटकर वे भाग निकले थे। पुलिस ने बुलेट के नंबर से सिपाहियों को रविवार को खोज निकाला। हाथरस के सादाबाद इलाके के रहने वाले विक्रम सिंह चांदी के व्यापारी हैं। कोतवाली स्थित सराफा मंडी से वह अक्सर चांदी की सिल्ली लेकर जाते हैं। शनिवार की रात भी वह अपने भतीजे हिमांशु के साथ आए और चार किलो चांदी खरीदी। विक्रम और हिमांशु पैदल ही होटल की ओर जाने लगे। उसी समय बुलट सवार तीन सिपाहियों ने उन्हें रोक लिया और तलाशी ली। कहा कि वे क्राइम ब्रांच से हैं।चांदी के बारे में पूछा और कहा कि इसकी पक्की रसीद दिखाओ नहीं तो सेल्स टैक्स आफिस में चांदी जमा करानी पड़ेगी। विक्रम और हिमांशु डर गए। सिपाही दोनों को लेकर खुशरोबाग के पास गए। कहा कि कहा पैसे दे दो नहीं तो फंस जाओगे। विक्रम ने बताया कि पैसे तो नहीं है। सारे पैसों की चांदी खरीद ली है। इसके बाद सिपाही चार किलो चांदी लूटकर फरार हो गए। हिमांशु ने बुलेट का नंबर नोट कर लिया था।दोनों रात में ही शाहगंज थाने पहुंचे और तहरीर दी। बुलेट के नंबर के आधार पर पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। रविवार को पता कि बुलेट प्रतापगढ़ के सिपाही राहुल सिंह की है। राहुल कंधई थाने में तैनात है। उसे पकड़ लिया गया। लंबी पूछता के बाद उसने घटना स्वीकार कर लिया।उसने बताया कि साथ में नगर कोतवाली में तैनात राकेश सिंह और विशेष टीम में तैनात धर्म धुरंधर गुप्ता भी था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई चांदी और बुलेट बाइक बरामद कर ली गई है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक ने तीनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि बुलेट बाइक के नंबर के आधार पर प्रतापगढ़ के सिपाही राहुल सिंह की पहचान हो गई थी। उसे पकड़ा गया तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। चांदी और बुलेट बरामद हो गई है।



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे पुलिस

### व्यापारी के गांव से हुई थी मुखबिरी

अलीगढ़ के निठावरी गांव का रहने वाला सिपाही राकेश सिंह प्रतापगढ़ में नगर कोतवाली में तैनात है। उसकी बहन की शादी सादाबाद में हुई है जहां पर विक्रम सिंह रहते हैं। वहीं आते जाते राकेश सिंह की गांव के कुछ लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्हीं लोगों ने मुखबिरी की थी कि विक्रम चांदी की खरीद फरोख्त करता है। वह शनिवार को प्रयागराज चांदी खरीदने जाएगा। इसी मुखबिर पर राकेश ने अपने दोनों साथियों राहुल सिंह और धर्म धुरंधर गुप्ता के साथ लूट का प्लान बनाया।

# महिला की हत्या के मामले में डीएनए जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के कोसीकलां थाने में हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में शिकायतकर्ता (प्राथमिकी दर्ज कराने वाले) या उसकेपरिवार के किसी भी सदस्य की डीएनए जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मामला याची के जीवन से जुड़ा हुआ है। न्याय केलिए जरूरी है तो डीएनए टेस्ट कराने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।कोर्ट ने मामले में निचली अदालत के फैसले को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया। कहा कि आदेश की प्रति मिलने के बाद एक महीने के भीतर डीएनए टेस्ट की कार्यवाही पूरी कर ली जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने मोहन सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।मामले में हरदेव सिंह द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी कि 21 जून 2012 को उसकी मां कुछ सामान खरीदने बाजार गई थी। रास्ते में किसी बात को लेकर हरिया के दोनों बेटों याची मोहन सिंह और टिक्की के बीच विवाद हो रहा था। जिस पर उनकी मां ने उन्हें शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया और उन्हें झगड़ा खत्म करने के लिए कहा, गुस्साए मोहन सिंह (आरोपी आवेदक) ने उसे गोली मार दी। इससे उसकी मौत हो गई।मामला सत्र न्यायालय में लंबित है। आरोपी आवेदक ने सीआरपीसी की धारा 233 के तहत 16 अगस्त 2021 को सत्र न्यायालय केसमक्ष अर्जी देकर डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है। उसका आरोप है कि अभियोजन ने गलत कहानी प्रस्तुत की है। घटना के दिन वह था ही नहीं। वह ऋण के भुगतान के संबंध में दिल्ली गया था। डीएनए टेस्ट से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि जांच के दौरान घटनास्थल से एकत्र किए गए रक्त के नमूने और उसकेपरिवार के सदस्यों के रक्त के नमूने एक हैं। यह भी कहा गया है कि महिला की मौत कहीं और हुई थी। ऐसे में जांच अधिकारी ने घटनास्थल की गलत नक्ष नजर तैयार की थी। जांच अधिकारी ने मृतक के खून से सने कपड़ों के साथ खून से सने मिट्टी (कीचड़) के नमूने डीएनए जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला के समक्ष नहीं भेजे। इसलिए डीएनए टेस्ट जरूरी है। सत्र न्यायालय ने अर्जी को 11 अक्तूबर को खारिज कर दिया। याची सत्र न्यायालय केफैसले को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी। हाईकोर्ट ने अर्जी स्वीकार करते हुए डीएनए जांच का आदेश दे दिया।

# 10.28 लाख लोगों तक तिरंगा पहुंचाने की चुनौती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रशासन के सामने 10.28 लाख घरों तक झंडा पहुंचाने की चुनौती है। हालांकि इसका वितरण शुरू है लेकिन रविवार से वृहद तौर पर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायती राज, नगर निगम समेत अन्य विभागों की भूमिका तय की गई है। लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा संग शिक्षकों को भी इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में 10.28 घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 4.81 लाख झंडा शासन से उपलब्ध कराया जाएगा। शेष तिरंगों का इंतजाम जिला पंचायती राज तथा नगर निगम को करना है। इसके तहत पंचायती राज विभाग की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों को तीन लाख झंडे के निर्माण का ऑर्डर दिया गया है। सीडीओ शिपू गिरि ने बताया कि समूहों से करीब दो लाख झंडे प्राप्त हो चुके हैं। प्रधानों के माध्यम से इनका वितरण शुरू किया गया है। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि अमृत महोत्सव के तहत होने वाले आयोजनों के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। झंडा वितरण में लेखपालों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों समेत अन्य लोगों की मदद ली जाएगी।



**शासन से आज मिल जाएंगे झंडे :** शासन से चार लाख 81 हजार झंडे सोमवर को मिल जाएंगे। सीडीओ ने बताया कि इसके बाद वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

**सिविल लाइंस में राजपथ जैसे नजारे के लिए बजट की बाधा :** स्वतंत्रता दिवस पर राजपथ की तर्ज पर सिविल लाइंस में सुभाष चौराहे से पत्थर गिरजाघर के बीच झांकी निकालने की योजना पर पानी फिर गया है। इसके लिए बजट का ही इंतजाम नहीं हो सका। हालांकि उस दिन बारिश की आशंका को भी वजह बताया जा रहा है।स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के मौके को यादगार बनाने के लिए प्रशासन की ओर से सिविल लाइंस में झांकी निकालने के अलावा कई अन्य तैयारियां की गईं थीं। इसके लिए विभागों को जिम्मेदारी सौंपने के अलावा अलग-अलग संस्थाओं से भी बात की गई। इसके तहत विभागों को अलग-अलग थीम पर झांकी तैयार करने के लिए कहा गया था लेकिन बजट आडे.आ गया। ज्यादातर विभागों ने कहा कि इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान नहीं है। ऐसे में इस योजना को स्थगित करना पड़ा।अफसरों का कहना है कि योग दिवस पर वृहद आयोजन हुआ था। ऐसे में दो महीने बाद ही एक और बड़े आयोजन के लिए बजट मिलना मुश्किल था। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि बजट के अलावा के अलावा मौसम को देखते हुए भी आयोजन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। उनका कहना है कि मौसम विभाग ने स्वतंत्रता दिवस के दिन बारिश की बात कही है। इसके अलावा ट्रैफिक डायवर्जन भी करना होता। इन पहलुओं को देखते हुए यह निर्णय लेना पड़ा।

**एमएनएनआईटी में आयोजन की तैयारी :** सिविल लाइंस में झांकी निकालने की योजना से पीछे हटने के बाद प्रशासन अब एमएनएनआईटी में बडे. आयोजन की तैयारी में जुटा है। हालांकि, स्थान पर अभी अंतिम तौर पर निर्णय होना बाकी है। इसके तहत 15 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिजनों को सम्मानित करने के साथ सांस्कृतिक आयोजन, कौशल प्रदर्शन आदि कार्यक्रम होंगे।

# बजरंगी के बच्चों को निजी स्कूल में मिलेगी मुफ्त शिक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गरीबी की वजह से बेटे के शव को कंधे पर लेकर पैदल ही मीलों दूरी तय करने वाले करछना में रामपुर उपरहार गांव के बजरंगी यादव के बच्चों को निजी विद्यालय में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज प्रबंधन ने चारों बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने के लिए हाथ बढ़ाया है।रामपुर उपरहार गांव के बजरंगी यादव मजदूरी करके अपने परिवार का जीवनयापन करता है। इसके अलावा आय का कोई दूसरा जरिया नहीं है। हालांकि, प्रशासन के अलावा कई संस्थाओं की ओर से बजरंगी को आर्थिक मदद देने की पहल की गई है लेकिन बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी। इस पर डीहा गांव स्थित प्रकाश बालिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ.विजय बाबू यादव ने चारों बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बजरंगी चाहें तो उनके सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने परिवार की आर्थिक मदद भी की।



**आर्थिक मदद तो मिली लेकिन राशन कार्ड-शौचालय का इंतजार :** बजरंगी यादव को बिजली विभाग की ओर से पांच लाख रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा ग्राम सभा की ओर से पांच हजार रुपये की मदद पहुंचाई गई है। एक संस्था की ओर से भी बजरंगी को आर्थिक मदद दी गई है। बजरंगी को एक बोरी चावल बुधवार को मिल गई थी। शनिवार को एक बोरी गेहूं भी मिल गया लेकिन राशन कार्ड एवं शौचालय की सुविधा के लिए उन्हें अभी इंतजार करना पड़ रहा है। राशन कार्ड के लिए बुधवार को ही प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। बीडीओ देव कुमार ने बताया कि राशन कार्ड व शौचालय के लिए ऑनलाइन आवेदन हो गया है। कोशिश है कि प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाए। इसके बाद दोनों योजनाओं का लाभ मिल जाएगा। शनिवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील सिंह को राशन कार्ड जल्द निर्गत कराने का निर्देश दिया।

**तीन अफसर निलंबित लेकिन दर्ज नहीं हो सका मुकदमा :** रामपुर उपरहार में शुभम की मौत के पांच दिन बाद भी मामले में लापरवाही बरतने वाले बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। सोमवार को घटना के बाद ही मृतक शुभम के पिता बजरंगी यादव ने पुलिस को जेई एवं लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।इस मामले में पूर्वांचल वितरण निगम के एमडी ने मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को चार्जशीट देने के साथ अधिशासी अभियंता, एसडीओ तथा जेई को निलंबित कर दिया लेकिन अभी तक पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। इसे लेकर पीड़ित व ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि मासूम की मौत के लिए जो भी जिम्मेदार हो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं क्षेत्राधिकारी करछना राजेश यादव का कहना है कि जेई के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो गई है। पीड़ित परिवार चाहेगा तो मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

# मेजा ऊर्जा निगम को उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर करना ही प्राथमिकता : केदार रंजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार और एनटीपीसी की नीतियों पर चलते हुए मेजा परियोजना को उत्कृष्टता के पथ परऔर आगे ले जाना हमारी प्राथमिकता होगी। उक्त उद्गार नवागन्तुक मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदार रंजन पांडु ने रविवार को मेजा ऊर्जा निगम में पदभार ग्रहण करने के पश्चात अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि उड़ीसा यूनीवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिग्री के पश्चात आईटीआई दिल्ली से इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट से एमटेक डिग्री धारक इसके पूर्व बल्लूर, बदरपुर, दादरी केन्द्रीय कार्यलय भुवनेश्वर, दर्लिपाली तथा तालचेर परियोजनाओं में बतौर मुख्य कार्यकारी अधिकारी तैनात रहे श्री पांडु एनटीपीसी में बीते 36 वर्षो से सेवाये प्रदान करते रहे है। श्री पांडु ने मेजा ऊर्जा निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार व एनटीपीसी की नीतियों पर चलते हुए मेजा परियोजना को उत्कृष्टता के पथ पर और आगे ले जाना चाहते है।

गौरतलब है कि श्री पांडु पूर्व कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार के स्थानान्तरण के पश्चात नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में मेजा ऊॅर्जा निगत में कार्यभार ग्रहण किया है।

### नवागन्तुक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार





### साहित्यांजलि प्रभा का श्री मती जया मोहन विशेषांक लोकार्पित

**प्रयागराज।** मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा विगत 4 दशक से यमुनापार प्रयागराज से प्रकाशित हो रही है पिछले 5 महीने से निरंतर इसके साहित्यकार विशेषांक प्रकाशित हो रहे हैं आज श्रीमती जया मोहन विशेषांक का लोकार्पण श्रीमती जया मोहन के आवास पर कमला नगर प्रयागराज में हुआ जिसमें डॉ राम लखन चौरसिया वागीश पंडित राकेश मालवीय मुस्कान ललित मोहन श्रीवास्तव और पत्रिका के संपादक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय तथा श्रीमती जया मोहन उपस्थित रहे इस अवसर पर साहित्य और लोक साहित्य के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से चर्चा भी हुई उपस्थित साहित्यकारों ने पत्रिका की गुणवत्ता पर हर्ष व्यक्त किया और बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद पत्रिका साहित्य की सेवा में निरंतर संलग्न है और नए नए रचनाकारों को एक सार्थक मंच दे रही है पत्रिका का प्रकाशन भी सुदूर गांव से होता है और साहित्य के प्रति समर्पित सम्पादक की भावना को इस बात के लिए भी सम्मान दिया जाना चाहिए कि वे अपनी निजी सुविधाओं में भी कटौती करके पत्रिका को निरंतर निकाल रहे हैं 45 वर्ष की उनकी साहित्य साधना का सफर कभी न तो रुका न तो कभी झुका।

# ग्राम प्रधान की गुंडागर्दी का शिकार गींज गांव की गौशाला

अखंड भारत संदेश

**बारा।** बारा तहसील के अंतर्गत बाबा गोरक्षनाथ अस्थाई गौशाला एक ऐसी गौशाला है जहां पर ग्राम प्रधान की अनुमति के बिना जिलाधिकारी भी गौशाला में नहीं कर सकते प्रवेश गौशाला में रहने वाले एक मजदूर के द्वारा कही गई यह बात जसराज विकासखंड के अंतर्गत आने वाली गीज ग्राम सभा में जहां ग्राम प्रधान गुलाब आदिवासी की अनुमति के बिना कोई भी अधिकारी इस गौशाला में प्रवेश करने के लिए प्रधान से अनुमति लेंगे गौशाला में मौजूद मजदूरों के द्वारा जहां गौशाला के गेट के अंदर से ताला लगा दिया जाता है तो वही ताले की चाबी ग्राम प्रधान की अनुमति के बिना नहीं घूमती गौशाला की बदतर स्थिति देखकर उधर से गुजर रहे भाजपा के जिला मंत्री यमुना पार प्रकाश प्रचंड ने जब गौशाला में जाने के लिए वहां पर मौजूद मजदूरों से गेट खोलने की बात कही तो उनके द्वारा कहा गया कि ग्राम प्रधान की अनुमति के बिना या दरवाजा नहीं खोलेंगे और ना ही अंदर आने देंगे अपना परिचय देने के बाद भी गौशाला में मौजूद मजदूरों ने कहां की आप ही नहीं जिला अधिकारी भी आ जाएंगे तब भी उन्हें ग्राम प्रधान से पूछना पड़ेगा।



वहीं गौशाला में व्याप्त अनियमितता को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा भी कई बार शिकायतें की गई जिस से बौखलाए ग्राम प्रधान के द्वारा गौशाला में व्याप्त कमियों को उजागर ना होने देने की नियत से ही गौशाला के गेट पर ताला लगा दिया वही गांव के ही कुछ लोगों द्वारा बताया गया की गौशाला में रहने वाले गोवंशो को केवल एक ही टाइम भूसा खिलाया जाता है वह भी सूखा जबकि कागजों पर चुनी चोकरवा पशु आहार भी सभी गोवंश को खिलाया जाता है वही शाम के वक्त गौशाला ने दर्जनभर शराबियों की भीड़ लगती है जो शराब पीने के बाद वहीं पर हंगामा भी करते हैं। गांव के ही कुछ लोगों ने नाना उजागर करने की शर्त पंजाबी बताया कि गौशाला में आए दिन गोवंश मरते रहते हैं जी ने ग्राम प्रधान के द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली में लादकर दूसरे तीसरे दिन गांव के बाहर पहाड़ पढ़ने जा कर फेंक दिया जाता है और गौशाला से निकली गोबर को भी पहाड़ में ही फेंक दिया जाता है।

## न्यूज झरोखा

### मांडा सीएचसी में निःशुल्क लगवाएं बूस्टर डोज : डॉ. एपी यादव

#### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने की अधीक्षक के निमार्णाधीन कार्यो की प्रसंशा



**मेजा रोड।** कोविड-19 से बचाव के लिए आम जनमानस को बूस्टर डोज देने के लिए मुक्त प्रिकाशन डोज की शुरूआत कर दी गई है। साथ ही लोगों से अबिलम्ब ही डोज लगवाने की अपील की गई है। बतादें की मांडा सीएचसी में रविवार को मुक्त प्रिकाशन डोज अभियान कार्यक्रम का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिशु सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि लोग सीएचसी पहुँच कर निःशुल्क बूस्टर टीका लगवा सकते हैं। टीके लगवाने के बाद लोग घबराएं नही,बल्कि सकारात्मक सोच के साथ कोविड-19 बीमारी से भगा सकते हैं। प्रतिनिधि ने अधीक्षक द्वारा सीएचसी के मुख्य गेट का कराए जा रहे कार्यो की जमकर प्रसंशा किया है। वहीं हकत सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एपी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीका 18 वर्ष एवम उससे अधिक उम्र के लोगों को निःशुल्क में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीके लगवाने के बाद बुखार होने पर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं समाचार लिखे जाने तक तीन हजार लोगों का टीकाकरण किया जा चुका था। इस अवर पर सुजीत केशरी, किशन सिंह, अजीत प्रताप, बलवंत सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बच्चा पाण्डेय, फार्मासिस्ट आशीष द्विवेदी, नरेंद्र सिंह,आशीष पाण्डेय गंगारती, किरन ज्योति, शालनी राय, चंदन मिश्रा सहित तमाम लोग रहे।

### अमृत महोत्सव के तहत अधिक से अधिक लगवाएं बूस्टर डोज



**मेजा रोड।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेजा में लोगों को अधिक से अधिक बूस्टर डोज देने के लिए मुफ्त प्रिकाशन डोज का अभियान शुरू कर दिया गया। जिससे लोगों को कोविड से सुरक्षा मिल सके।मुफ्त प्रिकाशन डोज अभियान का शुभारंभ रविवार को प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने अधीक्षक डाक्टर ओमप्रकाश के साथ बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया।इस दौरान श्री मिश्र ने अपने समर्थकों के साथ बूस्टर डोज का टीका लगवाया।स्टाफ नर्स नीतू राय ने टीकाकरण किया।उन्होंने कहा कि इससे कोई नुकसान नहीं है।किसी को यदि बुखार होता है तो घबड़ाए नहीं।यही तीसरी डोज ही कोविड -19 की संपूर्ण डोज होगी।अधीक्षक ओमप्रकाश ने उपस्थित लोगों को बूस्टर डोज के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि दह माह पूर्व कोविड टीके की दो डोज लगवा चुके सभी लोग प्रीकाशन डोज जरूर लगवा लें। 18-59 आयु वर्ग में एहतियाती डोज की निःशुल्क सुविधा 30 सितंबर तक के लिए ही है। 59 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहले से ही यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। अधीक्षक ने बताया कि रविवार को लगभग एक हजार टीकाकरण हुआ।उन्होंने क्षेत्र के सभी 18 प्लस के लोगों से मुफ्त प्रीकाशन डोज लगवाने की अपील की है।

### राजकीय उद्यान विभाग ने वृक्षों को संरक्षण के प्रति जागरूक किया




**प्रयागराज।** यूथ वेलफेयर फाउण्डेशन एवं आरव फाउण्डेशन के संयुक्त रुप से आज प्रयागराज में स्थित इलाहाबाद डिग्री कालेज प्रयागराज में राजकीय उद्यान विभाग प्रयागराज द्वारा उपलब्ध कराये गये 1100(एक हजार एक सौ) अशोक के वृक्षों का वृक्षारोपण डा. अतुल सिंह प्राचार्य, इलाहाबाद डिग्री कालेज के सहयोग से किया गया एवं प्राचार्य द्वारा अध्यापक तथा विद्यार्थियों को वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। यूथ वेलफेयर फाउण्डेशन के सचिव इंजीनियर आलोक सिंह ने बताया कि, इस तरह के कार्यक्रम करते रहना फाउन्डेशन के मूल उद्देश्यों का मूल हिस्सा है। इस अवसर पर संस्था के सचिव इंजीनियर आलोक सिंह सहित समाजसेवी एवं आरव फाउण्डेशन के सचिव श्री विवेक गुप्ता, श्री रजत गुप्ता, क्षमा पाँडेय, संध्या कनौजिया, श्री गौतम मिश्र एवं श्री सचिन गौतम ने अपनी उपस्थित दर्ज करायी एवं सहयोग प्रदान किया।

### रक्षाबंधन मात्र त्योहार नही समाज के हाशिये में जीने वाले इन बच्चों के लिये उम्मीद और विश्वास : अंजलि

#### स्लम बच्चियों ने आईजी को बांधी राखी



**प्रयागराज।** विशाल संकल्प संस्था में रहने वाली स्लम बच्चियों ने रविवार को आई जी डॉ राकेश सिंह को राखी बांधी ' इस अवसर पर संस्था संचालिका डॉ अंजलि केसरी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी,स्लम बस्ती की बच्चियों ने अपने हाथों से ईको फ्रेंडली राखियां बनाई और बॉर्डर पर सैनिकों को भेजी। तथा आई जी डॉ राकेश सिंह को बच्चों ने राखी बांधी। उन्होंने कहां की रक्षाबंधन मात्र त्योहार नही समाज के हाशिये में जीने वाले इन बच्चों के लिये उम्मीद और विश्वास है।पुलिस भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर इन बच्चियों को भरोसा होता है कि सुरक्षा मेरी पहुँच में है। आई जी साहब ने बच्चों को पढ़ने के लिये प्रेरित किया और संस्था के कार्यों को जमकर सराहना करते हुए बच्चों को उपहार प्रदान किए ' उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल गये।

### वर्षो पुराना न्याय नगर कालोनी का मुख्य द्वार हुआ जमींदोज



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर झूंसी में स्थित न्याय नगर कालोनी का मुख्य द्वार शनिवार की रात ट्रक की टक्कर से जमीदोज हो गया। जिसकी वजह से कालोनी का मुख्य मार्ग पूरे दिन बाधित रहा। लोगो को चक्कर काट कर आना जाना पड़ रहा था। वर्षो पहले बसी न्याय नगर कालोनी के मुख्य मार्ग पर न्याय नगर गेट बनाया गया था। जोकि काफी फेमस था। शनिवार की रात कालोनी में जाते वक्त एक ट्रक की टक्कर से पूरा गेट जमीदोज है गया। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सुबह जब लोग उठे तब गेट धराशाही मिला। गेट सड़क पर गिरने की वजह से रास्ता अवरुद्ध था। दोपहर बाद जेसीबी से मलवा हटाया गया तब जा कर कालोनी का रास्ता खुल सका।

### हरियाली तीज कार्यक्रम : महिला व्यापार मंडल को किया सम्मानित



**प्रयागराज।** रविवार को फाफामऊ स्थित श्रीमती अनिता राज और उनके संगठन द्वारा आयोजित हरियाली तीज के कार्यक्रम में महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन , महामंत्री श्रीमती ल्लवी अरोरा को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने वहा उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित किया और कहा की महिलाओं को संगठित होने को आवश्यकता है , नारी परिवार की जड़ है और वो समाज को संगठित करती है तो वो आदिशक्ति स्वरूपा हो जाती है।

# सीएचसी कालाकांकर में बूस्टर डोज का पूर्व सांसद ने किया शुभारंभ

## 200 लोगों ने लगवाई बूस्टर डोज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सीएचसी कालाकांकर में रविवार को पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह प्रकाशन बूस्टर डोज कोविड वैक्सीन का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जिसमें लगभग 200 लोगों ने बूस्टर डोज की वैक्सीन लगवाई। मुख्य अतिथि राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि घर परिवार की सुरक्षा के लिए टीकाकरण जरूर कराये जिससे परिवार के साथ देश सुरक्षित होगा और लोगो से अपील भी किया कि जिनका दूसरा डोज कोविड वैक्सीन का नही लगा है



बूस्टर डोज कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करतीं रत्ना सिंह।

उसे जल्द लगवाने की बात कही टीकारण के होने से बीमारी से बचा जा सकता है केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के इस महा अभियान को सफल बनायें।

चिकित्साप्रभारी डॉ मनोज कुमार वर्मा ने लोगो से इस महा अभियान को सफल करने के लिए घर घर तक जाकर लोग एक दूसरे को प्रेरित करें।

इस महा अभियान में लगभग दो सौ लोगो को बूस्टर डोज का टीकाकरण होने के बात कही लोगो से अपील किया कि पहला व दूसरा टीकारण के बाद जिनका 90 दिन हो गया वह अस्पताल में आकर प्रकाशन डोज लगवा ले आये हुए अतिथियों व स्टाफ के समस्त कर्मचारियों के प्रति सहयोग प्रदान करने के लिए आभार ब्यक्त किया और कहा कि रविवार छुट्टी के बाबजूद भी इस महा अभियान को जिम्मेदारी के साथ उपस्थिति होकर सफल किया ।जिसमें मुख्य रूप से डॉ राजीव त्रिपाठी, डॉ अमित दुबे, बीपीएम उर्मिला देबी, बीसीपीएम प्रमोद कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

इसी क्रम में पीएचसी कुसुवापुर में बीजेपी मण्डल अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ किया जिसमें लगभग 196 लोगो ने बूस्टर डोज का टीकाकरण कराया इस मौके पर डॉ अरविन्द पाल , डॉ नीलम मौर्या के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा में शामिल भोलेनाथ के भक्तों को खिलाया गया भोजन प्रसाद

## सीताराम धाम पर लायंस क्लब हर्ष ने आयोजित किया विशाल भंडारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के सीताराम धाम पर रविववार को भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने वाले कावंड यात्रा में शामिल भोलेनाथ के भक्तो के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। यह आयोजन लायंस क्लब हर्ष के द्वारा आयोजित किया गया। यह भंडारा सेवा और समर्पण के भाव से सद्भावना पूर्वक संपन्न हुआ।

लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष अश्वनी सिंह ने कहा की लायंस क्लब हमेशा समाज के हर कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। भंडारे का यह आयोजन भगवान भोलेनाथ के अनन्य भक्तों के प्रति क्लब का सेवा भाव है। इस अवसर पर लायन सतीश शर्मा, लायन रामेश्वर पांडेय, लायन आलोक



सीताराम धाम पर आयोजित भण्डारे में प्रसाद लेते भक्तगण।

सिंह, सचिव लायन अमितेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह, लायन अरविंद सिंह, लायन अनिल विद्यार्थी, लायन डॉक्टर श्याम शुक्ल, लायन के पी सिंह, लायन अजय श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश पाल, रीजन चेयर पर्सन डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, लायन डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, लायन पवन भगवन, अंजनी सिंह, मनीष शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में व्याख्यानमाला का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां।** एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में चल रहे विश्व स्तनपाल विषय पर ब्याख्यानमाला का आयोजन आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन समिति के निर्देशन में गृह बिज्ञान विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रीती सिंह (गृह विज्ञान अध्यक्ष विभाग) ने बच्चों के जन्म से 100 दिन तक मां के दुग्ध के लाभ को विस्तार से बताया तथा छात्र छात्राओं को इस विषय पर जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0डॉ0 शिवम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में इस विषय पर जन जागरूकता फैलाने हेतु छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो0 इंदुरेखा सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 रेखा सिंह, प्रो0 प्रदीप कुमार सिंह, प्रो0 रामकरन, प्रो0 शिव भूषण, प्रो0 उग्रसेन सिंह, प्रो0 हवलदार सिंह, डॉ डालचन्द, डॉ भूपेश सिंह, डॉ0 सृष्टि कुशवाहा, सत्य प्रकाश सिंह,एवं अन्य शिक्षक तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## नहर में तैरता मिला अधेड़ का शव

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के मिश्रपुर तरौल गांव से गुजरने वाली प्रतापगढ़ रजबहा नहर में रविवार की सुबह एक अधेड़ का शव तैरता दिखाई दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने जेठवारा पुलिस को सूचना दिया तो पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश किया। मृतक के शरीर पर मौजूद चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

# हॉफ मैराथन दौड़ में बालक में अंकुश पाल व बालिका में आरती रही अव्वल

## पीबीपीजी कालेज में हुई हॉफ मैराथन, राजा अनिल ने दिखाई हरी झण्डी





हॉफ मैराथन दौड़ का फीता काटकर उद्घाटन करते राजा अनिल प्रताप सिंह व दौड़ में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के प्रोत्साहन हेतु अभय शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में पीबीपीजी कालेज में हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह व अभय शक्ति फाउंडेशन की सचिव राज कुमारी मृगांका सिंह ने हरी झण्डी दिखा कर दौड़ को रवाना किया।

इसके पूर्व पीबी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनूप कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। बालक वर्ग में प्रथम अंकुश पाल, द्वितीय जसवंत सरोज निवासी आमापुर बेर्रा, रानीगंज, मऊआइमा प्रयागराज के विनोद कुमार तृतीय रहे। बालिका वर्ग में आरआरपीजी कालेज अमेठी की आरती विश्वकर्मा प्रथम, पीबी इण्टर कालेज की छात्रा वर्षा सिंह द्वितीय जबकि पीबीपीजी कालेज की प्रज्ञा सिंह तृतीय रही। हॉफ मैराथन में पुरुष वर्ग में 1248 व महिला वर्ग में 762 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रो.ब्रम्हानन्द प्रताप सिंह, प्रो.उपेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, रश्मि सिंह, डॉ.जीतेन्द्र कुमार सैनी, डॉ. पंकज कुमार सिंह, अशोक कुमार वर्मा, डॉ. पवन कुमार सिंह निर्णायक रहे। प्राचार्य डॉ. बृजभानु सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ.शिव प्रताप सिंह ने किया।

### विजेता खिलाड़ियों को दिया गया पशस्ति पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बालक व बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को पांच हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर आने वाले को तीन हजार एवं तृतीय स्थान पर आने वाले को एक हजार रुपये धनराशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह व राजकुमारी मृगांका सिंह के द्वारा दिया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# अमृत महोत्सव टीकाकरण बूथ पर तीन सौ तिरंगा वितरण

## रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने हिस्सा लिया, आजादी के नारों की धूम रही

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी का सहयोग से रीवरडेल पब्लिक स्कूल में रविवार को लगे कोविड टीकाकरण कैंप में टीका लगाने का साथ ही तिरंगा वितरण का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें करीब तीन सौ लोगों को तिरंगा बांटा गया।

ग्रुप के बच्चों ने भारत माता की जय और वंदेमातरम् के नारे लगाए। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में 75 से अधिक लोगों को टीका लगाया

### रोटरी क्लब और बच्चा बैंक के सहयोग से लगा बूथ



बूथ पर लोगों को तिरंगा वितरित करतीं डायरेक्टर सादिया खान।

गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर आर एस राम ने किया। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कोविड टीकाकरण बूथ का आयोजन किया गया है। सभी को टीका लगवाना चाहिए। इस मौके पर बच्चा बैंक की सहयोगी और रीवर डेल पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर सादिया खान ने बूथ पर लोगों को तिरंगे का वितरण किया। उन्होंने लोगों से घरों में झंडा लगाने की अपील की है। बूथ को रंग बिरंगे गुब्बारे से सजाया गया था। आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। कार्यक्रम के संयोजक टीचर राजेश कुमार ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। बूथ पर प्रभारी आकाशदीप, संगीता पटेल, आशा नीता सिंह, भरत यादव, अश्वनी केसरवानी, राजकुमार मोदनवाल, विनोद लखमानी, साहिल, हिमांशु, शुभम, अदलान खान, और शनि सरोज ने सक्रिय योगदान दिया।

## धान की रोपाई करने गई महिला की हुई पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** धान की रोपाई करने गई एक महिला को उसके पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सैफाबाद भोपालपुर गांव की रहने वाली राजदुलारी पत्नी माताफेर ने बताया कि वह अपने खेत में धान की रोपाई कर रही थी, तभी रंजिशवष उसके पड़ोसी 2 लोग पहुंचे और उसे लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# रोजगार मेले में 133 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 250 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में जी4एस कम्पनी प्रा0लि0 द्वारा 25 अभ्यर्थियों, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 27 अभ्यर्थियों, डाबर आयुर्वेदिक इण्टरप्राइजेज द्वारा 63 अभ्यर्थियों एवं इन्फो आरटीएस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 18 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

रोजगार मेले में कुल 133 बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार दिया गया। मेले से पूर्व आई कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेन्ट कैरियर काउन्सलिंग भी की गई जहां उन्हें निजी क्षेत्रों में उपलब्ध सम्भावनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर सहित स्टाफ अनुभव त्रिपाठी, शुभम श्रीवास्तव, तौहीर अहमद सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 03 सितम्बर तक करें रजिस्ट्रेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कर्नल/एआरओ अमेठी ने बताया है कि प्रतापगढ़ के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा अवसर है। वर्ष 2022-23 के लिए अग्निपथ योजना के अन्तर्गत प्रतापगढ़ जनपद के साथ ही प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, कौशाम्बी, अमेठी, महाराजगंज, रायबरेली, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा सुल्तानपुर (कुल 13 जनपद) जनपदों की सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन 05 अगस्त से 03 सितम्बर, 2022 तक कर सकते है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर किया जा सकेगा।

# नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में लगा कचरे का अम्बार

## बीमारी व संक्रमण को दावत दे रहा कचरा

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** नवसृजित नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के प्रवेश द्वार पर लगा कचरे का अंबार राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान की असफलता ही नहीं, सफाई के प्रति बाजार वासियों की लापरवाही को भी उजागर करता है।

विकास खण्ड मान्धाता की ग्राम पंचायत सराय भूपति के अंतर्गत आने वाली ऐतिहासिक बाजार कटरा गुलाब सिंह का सृजन स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बाबू गुलाब सिंह द्वारा किया गया था। समय के साथ बाजार का व्यवसायिक स्वरूप विकसित होता रहा लेकिन कस्बे में जरूरत के अनुसार सफाई व जल निकासी की व्यवस्था विकसित नहीं की गई। पंचायतों के मुखिया विकास के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट करते रहे।

बाजार में सफाई के लिए नियुक्त कर्मचारी सिर्फ मुखिया के यहां हाजिरी लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है। बाजार वासियो में भी सफाई के प्रति जागरूकता की कमी साफ नजर आती है। बताते हैं कि बाजार के दोनों प्रवेश मार्ग पर वर्षों से सैकड़ों टन गीला व सूखा कचरा पड़ा है जो बरसात में सड़कर तेज दुर्गंध फैला रहा है और गम्भीर बीमारी के संक्रमण को भी आमंत्रित कर रहा है। गन्दगी और वर्षाजनित बीमारियों के संक्रमण से समय रहते बचाव के उपाय करने व लोगों को जागरूक करने वाला स्वास्थ्य विभाग भी इससे बेखबर है। जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता अभियान की सफलता की फर्जी रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर केवल वाहवाही लूटते हैं। सफाई को लेकर कटरा गुलाब सिंह की जमीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है।

## नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी में हुआ जलभराव, परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मोहर्रम का पर्व मंगलवार को सकुशल मनाया जाएगा। शासन ने समस्त अधिशासी अधिकारी व आला अधिकारियों को क्षेत्र में मुस्तैद रहने व साफ-सफाई कराने तथा पर्व को शांति व सौहार्द से सम्पन्न कराए जाने के लिये निर्देष दिया है लेकिन उसके बावजूद भी नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी के वार्ड नं०-06 बाग मिर्जा के अन्तर्गत मोहल्ला चक्काजी में मार्ग में जलभराव होने से लोगों को परेषानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मोहल्ले के लोगों ने कई बार अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी को शिकायत किया कि हम लोगों के आने-जाने में समस्या हो रही है जल जमाव होने से घरों से निकलना दुष्वार हो गया है। लोगों का आरोप है कि विगत पांच वर्ष पूर्व वार्ड के सभासद द्वारा बोर्ड की प्रथम बैठक में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण के लिए किया गया है, प्रस्ताव फिर भी बजट का रोना रोकर कार्य नहीं कराया गया। बता दें कि मंगलवार को मोहर्रम पर्व पर इसी मार्ग से गंदे पानी में होकर ताजिया निकलेगी। लोगों ने मोहर्रम पर्व से पहले गंदगी की सफाई कराये जाने की मांग की है।

# पीएचसी केन्द्र पर हुआ टीकाकरण शिविर का आयोजन

## पट्टी ब्लाक प्रमुख ने सतर्कता डोज कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन सीएचसी व पीएचसी केंद्रों पर सतर्कता टीकाकरण रविवार को पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सतर्कता लॉज लगाने के लिए पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने फीता काटकर सतर्कता डोज लगाने का शुभारंभ किया, जिसमें पट्टी नगर क्षेत्र के कई संभ्रांत लोग तथा पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी व डाक्टर मौजूद रहे।

रविवार की सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह पहुंचे। सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जायसवाल के साथ उन्होंने फीता काटकर सतर्कता डोज लगाने का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉक्टर अखिलेश जयसवाल ने बताया कि पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे सतर्कता रोज के शुभारंभ के साथ पट्टी तहसील क्षेत्र में स्थित सीएससी नारायणपुर, सीएचसी ढिढुइ, सीएचसी पृथ्वीगंज, सीएचसी मानापुर, हरीपुर, अरैला सहित सभी केंद्रों पर कोविड-19 का प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण 18 वर्ष से 59 वर्ष तक के सभी लोगों को निशुल्क लगाया जाएगा। ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ने सभी लोगों से सतर्कता डोज लगवाने की अपील करते हुए कहा की सरकार की



पीएचसी केन्द्र पर आयोजित शिविर में टीकाकरण कराते लोग।

जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं स्वास्थ्य जैसे मुद्दे पर सरकार गंभीर है। सभी लोगों को जिन्होंने कोविड-19 की दूसरी डोज ले ली है वह सरकारी टीकाकरण केंद्र पर कोविड टीकाकरण का निशुल्क सतर्कता डोज ले सकते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, रामचरित्र वर्मा, पूर्व सभासद डॉक्टर के एल विश्वकर्मा, इंद्रेश पांडे, अशोक जायसवाल के साथ अस्पताल में मधु पांडे, अनीता सरोज, बीपीएम श्रीकांत प्रसाद, शिवपूजन द्विवेदी, सर्वेश मौर्य सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज सी0डि0/प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के आदेशानुसार 13 अगस्त दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

## कक्षा-11 में प्रवेश के लिये 18 अगस्त तक करायें पंजीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि लखनऊ सम्भाग के जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा-11 के रिक्त सीटों को मेरिट के आधार पर भरने हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। प्रवेश हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2022 निर्धारित है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01 जून 2005 और 31 मई 2007 (दोनो तिथियां सम्मिलित) होनी चाहिये। यह सभी श्रेणी के लिये मान्य है जिनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी भी शामिल है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर कक्षा 11वीं में उपलब्ध रिक्तियों के लिये नवोदय विद्यालय समिति के मानदण्ड के अधीन प्रवेश होगा। एन0सी0सी0, स्काउट और गाइड एवं खेलकूद के लिये अतिरिक्त महत्व दिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### लाखों का जेवर लेकर रिश्तेदार के साथ भाग गई बालिका

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के जलालपुर शाना के मजरा समदा की एक बालिका दो घर से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात लेकर अपने रिश्तेदार के साथ फरार हो गई है बालिका की मां सुनीता देवी पत्नी शिव कुमार ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी है। महिला सुनीता देवी का कहना है कि 04 अगस्त को समय करीब 9:30 बजे रात वह बड़ी लड़की शिमला और लड़के सतेन्द्र के साथ सदर्ई चौराहा दवा लेने गई थी घर पर बहू सुषमा बेटी विमला वा बच्चे थे बेटी विमला अपनी बहन और भाभी के सोने चांदी के जेवर झुमका दो लॉकेट चांदी की तीन हाफ पेटी वा एक फुल पेटी वा अन्य जेवरात लेकर गांव के ही पंछी पुत्र हरिलाल के साथ भाग गई है बालिका के भागने के बाद जब उसकी मां आरोपी युवक के घर पूछने गई तो उसके साथ कल्लू राजू अजय पुत्रगण हरिलाल ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है महिला ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर देकर बालिका को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# संदिग्ध दशा में रेल लाइन के किनारे मिला अधेड़ का शव

## रेल लाइन के किनारे शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़



मौत के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना के अंतर्गत सुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन के बगल में एक अधेड़ का शव मिला है शव की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त कराया है रेल लाइन के पास पड़े शव की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है मामले की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते घटनास्थल पर परिजन भी पहुंच गए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर रेलवे रेलवे लाइन के बगल में 55 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा था रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़े शव की जानकारी रविवार की सुबह जब ग्रामीणों को हुई तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दिया ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई जिस पर मालूम हुआ कि मृतक मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव का रहने वाले गणेश उम्र 55 वर्ष पुत्र सुन्दर लाल है शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर मृतक के परिजन पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

### बेलगाम विधुत अधिकारियों के चलते फिर हुई एक बेकसूर की हुई मौत



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमली गांव में शौंच के लिए जा रहे युवक की विद्युत सप्लाई तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है लेकिन लापरवाह विद्युत अधिकारियों पर विभाग के अधिकारियों ने अभी तक कार्यवाही नहीं की है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमली गांव निवासी कामता प्रसाद उम्र 29 वर्ष शनिवार की देर रात शौच के लिए गांव के बाहर खेतों की ओर जा रहा था तभी विद्युत सप्लाई की 11000 तार कटकर जमीन पर गिरी थी जिसकी चपेट में आने से कामता प्रसाद काल के गाल में समा गया कामता की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीण और परिजन पहुंच गए मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है विद्युत उप केंद्र सराय अकिल के अवर अभियंता ने विद्युत तार को ठीक कर दिया गया होता तो कामता प्रसाद विद्युत तार की चपेट में ना आता और उसकी जान बच जाती अब सवाल उठता है कि विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सहायक अभियंता की लापरवाही से विद्युत तार टूट कर जमीन पर गिर गयी जिसकी चपेट में कामता प्रसाद आ गया है जिससे उसकी मौत हो गई है क्या कामता प्रसाद की मौत की जिम्मेदारी विद्युत अधिकारी लेंगे। कामता प्रसाद की मौत के बाद ग्रामीणों ने दूसरा सवाल उठाया है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव-गांव शौचालय निर्माण की रकम दी जा रही है लेकिन कामता प्रसाद को शौचालय निर्माण का लाभ नहीं मिल सका है घर में शौचालय होता तो कामता की जान नही जाती।



रेल लाइन पर लाश की जानकारी पर मौके पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण

## ट्रेन के सामने आया युवक हुई दर्दनाक मौत

### ट्रेन के इंजन में फंसे युवक को सिपाहियों ने बमुश्किल निकाला बाहर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू पुलिस चौकी क्षेत्र से गुजरी दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग निहाल पुर के सामने एक युवक का ट्रेन में फंसा शव मिला है।युवक धुमाई ग्राम सभा के मजरे लोधन का पुरवा नागा बाबा कुटी के पास रेल लाइन पर खड़ा होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था तेज गति से आते ट्रेन को युवक नहीं देख सका जिससे ट्रेन इंजन में युवक फस गया 8 किलोमीटर तक युवक को घसीटते ट्रेन ले गई जिससे युवक की मौत हो गई रेलवे की सूचना पर सैनी कोतवाल तेज बहादुर सिंह,चौकी इंचार्ज सिराथू सियाकान्त चौरसिया मय हमराह मौके पर पहुंचे युवक ट्रेन के इंजन में फंस गया था जिसे चौकी पुलिस के जवानों गीतेश शुक्ला, योगेंद्र,राकेस ने बमुश्किल निकाल कर पुलिस अधिकारियों की मजूदगी में शिनाख्त के प्रयास में जुट गए वहीं धुमाई ग्राम सभा के मजरे लोधन के पुरवा निवासी मंजीत कुमार ने युवक की शिनाख्त अपने भाई अजीत कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र केसलाल के रूप में की है ट्रेन से युवक की मौत की सूचना से परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं वहीं परिजनों ने बताया कि युवक रोजी रोटी के सिलसिले में दूसरे प्रदेश में रहता था नागपंचमी के 3 दिन पहले घर आया था , नागा बाबा कुटी के पास परिजनों का खेत है उधर ही गया था रेल लाइन पर खड़े होकर मोबाइल फोन से बात करने के चक्कर में युवक ट्रेन के सामने आ गया जो इंजन में फंसकर निहाल पुर तक पहुंच गया जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हुई है।क्षेत्रीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



जलसा कार्यक्रम

# जलसा ए शोहदा इस्लाम व शोहदा ए कर्बला

> जमीयत उलेमा जिला, कोशांबी द्वारा पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम (बउनवांन शोहदा इस्लाम व शोहदा ए कर्बला)का सातवां जलसा
>
> मगरिब कि नमाज के बाद जामा मस्जिद मेंहगाँव (जीटी रोड)
>
> हजरत मुहम्मद शरीफ कासमी साहब सेक्रेटरी जमीयत उलेमा जिला कौशांबी की सदारत में हुआ

**कौशाम्बी।** कार्यक्रम की शुरूआत हजरत मौलाना तफज्जुल हुसैन साहब कासमी द्वारा तिलावत के साथ हुई, और फिर हजरत ने ही हु. स.की शाने अकीदत में नात पेश की और निजामत के फराएज हजरत मौलाना अब्दुल सुबहान साहब द्वारा कि गई। और फिर हजरत मौलाना असदुल्हक साहब कासमी नायब सदर दीनी तालीम बोर्ड जमीयत उलेमा जिला कौशांबी ने आशूरा के दिन कि अहमियत और फज़िलत पर रोशनी डालते हुए कहा के आशूरा का दिन एक ऐसा दिन है जिस दिन हजरत मूसा अलेहिस्सलाम और उनकी कौम को फिरौन और उसके लोगों से निजात मिली थी और इस दिन वह लोग रोजा रखते थे तो आप सल्लल्लाहो अलेहि वसल्लम ने फरमाया के हम भी रोजा रखेंगे लेकिन यहूद की मुखालफत में एक दिन आगे या पीछे का मिलाकर और इस दिन अपने घर वालों पर खाने के एतिबार से ज्यादा खर्च करें और इसी दिन कयामत आएगी। उसके बाद मौलाना अब्दुल सुबहान साहब हलीमी नायब सदर जमीअत उलमा जिला कौशांबी ने जलसे को खिताब करते हुए कहा के इस्लाम की पूरी तारीख शहादत से भरी पड़ी है और साथ में वाक्या कर्बला हजरत हुसैन ' की शहादत और अहलेबैत की शहादत पर भी रोशनी डाली और आखिर में जलसा के सदर हजरत मौलाना मोहम्मद शरीफ साहब कासमी की दुआ से जलसा खत्म हुआ इस मौके पर हजरत मौलाना शरीफ साहब कासमी सेक्रेटरी जमीयत उलेमा जिला कौशांबी मौलाना अब्दुल सुबहान साहब हलीमी नायब सदर जमीअत उलमा जिला कौशांबी हजरत मौलाना मुफ्ती मुजतबा साहब कासमी सदर दीनी तालीम बोर्ड जमीयत उलेमा जिला कौशांबी हजरत मौलाना असदुल्हक साहब कासमी नायब सदर दीनी तालीम बोर्ड जमीयत उलेमा जिला कौशांबी हजरत मौलाना मोहम्मद इब्राहिम साहब कासमी रुकन जमीयत उलेमा जिला कौशांबी हजरत मौलाना तफज्जुल हुसैन साहब कासमी प्रतापगढ़ी रिजवान भाई और कसीर तादाद में लोग मौजूद रहे।

## छात्र को पुलिस ने बेडी डाल कर पीटा, कान का पर्दा फटा जिला अस्पताल में भर्ती

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के शमसाबाद चौकी इंचार्ज द्वारा दो युवकों को कुछ दिन पूर्व थर्ड डिग्री देने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि एक बार फिर मंझनपुर कोतवाली के टेवा चौकी पुलिस सवालों के घेरे में आ गयी है चौकी पुलिस पर बेड़ी डालकर पीटने का आरोप एलएलबी के छात्र ने लगाया है। मंझनपुर कोतवाली के टेवा चौकी पुलिस पर आरोप है कि छछइ की पढ़ाई कर रहे छात्र सर्वेश कुमार को पुलिस ने बेरहमी से पीटा है पीड़ित ने आरोप लगाया है की मामूली विवाद में पुलिस ने उसे पुलिस चौकी में बेड़ियों में जकड़कर पिटाई की है।पुलिस ने उसके कान के पास लगातार बीस से पच्चीस थप्पड़ मारे है जिससे उसके कान का परदा फट गया है और उसे कम सुनाई पड़ने लगा गई।पीड़ित को घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टर के मुताबिक पीड़ित के कान के पर्दे फट गए है। हालांकि अफसरों ने मामले में शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कही है।

# चौकी इंचार्ज से त्रस्त ग्रामीणों व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

> प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इलाके में अवैध कार्यों से कारखास सिपाही अवैध वसूली कर अवैध धंधों को बढ़ावा दे रहा है
>
> पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे लोगों के आक्रोश देख कर चौकी इंचार्ज पसीना पसीना हो गए

**पश्चिम सरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बैरमपुर पुलिस चौकी इंचार्ज और उनके कारखास सिपाहियों के आतंक अत्याचार से त्रस्त आम जनता ग्रामीण व्यापारियों का आक्रोश रविवार को सड़क पर उतर आया सैकड़ों ग्रामीण व्यापारी लामबंद होकर पुलिस चौकी बैरम पुर पहुंचे और उग्र व्यापारी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे प्रदर्शन कर रहे लोगों के आक्रोश देख कर चौकी इंचार्ज पसीना पसीना हो गए ग्रामीणों का कहना था कि बिना अपराध के आए दिन वाहनों का चालान कर दिया जाता है मामूली बात पर चौकी इंचार्ज बैरम पुर जनार्दन सिंह उनके कारखास सिपाही विशाल उत्तेजित हो जाते हैं बिना अपराध के पुलिसकर्मी व्यापारियों को अपमानित करते हैं प्रदर्शनकारियों ने पुलिस आलाधिकारियों से चौकी इंचार्ज बैरम पुर और कारखास सिपाही को निलंबित कर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इलाके में अवैध कार्यों से कारखास सिपाही अवैध वसूली कर अवैध धंधों को बढ़ावा दे रहा है इतना ही नहीं छोटे-छोटे मामलों में दोनों पक्षों से अवैध धन की वसूली करने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति कारखास सिपाही उत्पन्न कर रहा है घंटों प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए हैं प्रदर्शन के दौरान बैरमपुर के सैकड़ों व्यापारियों के साथ-साथ आसपास के कई गांव के ग्रामीण भी मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते ग्रामीण

## न्यूज झरोखा

### जयलाल चौधरी के हाथो सकिपा की जिला कार्यकारिणी की कमान

#### शैलेन्द्र मिश्रा महासचिव और बंसल सिंह यादव जिला प्रभारी बने



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने रविवार को मंझनपुर स्थिति तमन्ना गेस्ट हाउस में नए सिरे से जिला कार्यकारिणी का गठन किया। पार्टी नेता अजय सोनी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जयलाल चौधरी को जिलाध्यक्ष, सुरजीत वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र मिश्रा को जिला महासचिव, बंसल सिंह यादव को जिला प्रभारी जबकि शिव शंकर दुबे को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी के साथ अरुण यादव को जिला प्रवक्ता, ज्ञानेंद्र मिश्रा, संतलाल कोटार्य, परिहार सिंह लोधी, बिनोद कुमार निर्मल को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। कुल दस सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही पार्टी की किसानवादी विचारधारा के अनुरूप पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी, मनोज सोनी, शफीक अहमद, सुनील सोनकर, वसीम अहमद, दिनेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट सम्मानित



**कौशाम्बी।** जिला संगठन कमिश्नर कार्यशाला बुलंदशहर मेरठ मे दिनाक 03 अगस्त 2022 से 05 अगस्त 2022 तक आयोजित किया गया जिसमे श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी को सम्मानित करते हुए प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के पदाधिकारी प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव , प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव एवं जिला संस्था बुलंदशहर मेरठ के द्वारा! सम्मानित किया गया है सम्मानित किए जाने के बाद विभाग में हर्ष व्याप्त है।

### टेडीमोड चौकी इंचार्ज ने की वाहनों की चेकिंग



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेढ़ी मोड़ सहजादपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुमित आनन्द ने कल्यानपुर बाजार में वाहन की चेकिंग की है चौकी इंचार्ज के वाहन चेकिंग से अफरा तफरी का माहौल रहा वाहन चालकों को रोककर उन्होंने वाहनों के अभिलेखों को चेक किया और गलत पाए जाने पर वाहनों का चालान किया इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी है कि वाहनों के अभिलेखों को दुरूस्त करके वाहन चलाते समय साथ में रखें और जांच के दौरान मांगने पर वाहन के अभिलेखों को दिखाएं चेकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज ने वाहन चालकों से कहा कि सुरक्षा को लेकर हेलमेट जरूर लगाएं और निर्धारित सीमा में ही यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं वाहन चेकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज ने वाहन चालकों से कहा कि गलत पाए जाने पर वाहनों का चालान और जुमार्ने की कार्यवाही की जाएगी वाहन चेकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज के साथ पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।

### शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की चौकी इंचार्ज ने की अपील



**कल्यानपुर कौशांबी।** मुहर्रम और रक्षाबंधन के त्यौहार के मद्देनजर कोखराज थाना क्षेत्र के टेडीमोड शहजादपुर चौकी इंचार्ज सुमित आनंद ने पुलिस जवानों के साथ टेडीमोड कल्यानपुर बाजार और आसपास क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया है इस दौरान उन्होंने कहा कि मोहर्रम और रक्षाबंधन के त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखें और अमन चैन के साथ त्यौहार मनाए।

### बसुहार मे कांवड़ियों का भंडारा हुआ संपन्न



**कौशांबी।** कांवड़ यात्रा से लौटे कांवरियों ने शिव शक्ति धाम शिव मंदिर में एक दिवसी कीर्तन का आयोजन कर दूसरे दिन भंडारे का आयोजन विगत वर्षों से करते चले आ रहे हैं। उसी क्रम में इस वर्ष भी कावड़ यात्रा से लौटने के बाद एक दिवसीय गांव के शिव शक्ति शिव मंदिर में एक दिवसीय कीर्तन का आयोजन करने के बाद एक विशाल भंडारे का भी आयोजन कराया था जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है।

## स्कूली छात्र को 4 बार पीट चुके दबंग

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के खाटांगी तलरीपर गांव में कक्षा 6 के स्कूली दलित छात्र रितिक पर गांव के दबंग के बच्चे एक सप्ताह में 4 बार हमला कर चुके हैं मामले की शिकायत लेकर दबंगों के घर रितिक की माता सुमन देवी गई थी जहां पर दबंग दंपत्ति ने पीड़ित व्यक्ति के माता सुमन के साथ भी गाली गलौज अभद्रता किया है पीड़ित छात्र के परिवार को जान से मारने की धमकी दबंगों द्वारा दी गई है मामले को लेकर 2 दिनों से मखदूमपुर पुलिस चौकी पीड़ित महिला दौड़ रही है लेकिन उसकी सुनवाई पुलिस ने नहीं की है बताया जाता है कि दबंग शराब की भट्ठी का संचालन करते हैं और उनके घर पर प्रतिदिन शराब पीने वाले शराबियों का जमावड़ा रहता है स्थानीय पुलिस दबंगों के साथ देखी जाती है जिससे दबंगों पर कार्यवाही नहीं होती है अवैध शराब भट्ठी का संचालन भी नहीं बंद हुआ है दबंगों पर पूर्व से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का भी आरोप लगा है सुमन देवी अपने पति रामचंद्र के साथ फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी लेकिन तहसील समाधान दिवस होने के चलते पीड़ित महिला की मुलाकात पुलिस अधिकारियों से नहीं हुई गेट पर मौजूद महिला सिपाहियों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर पीड़ित महिला से तहरीर लेने से इनकार कर दिया है जिससे पीड़ित महिला को वापस गांव लौट जाना पड़ा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

> आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 64 चिकित्साधिकारी व 153 पैरामेडिकल कर्मचारी की लागायी गयी डियूटी, विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1532 मरीजों का चिकित्सको द्वारा किया गया उपचार

**कौशाम्बी।** आरोग्य स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने फीता काटकर किया है मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाना है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज दिनांक 07 अगस्त को आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर, मूरतगंज का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाडहिन्द प्रकाश मणि ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने निम्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का भी निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 64 चिकित्साधिकारी व 153 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी है आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल ( 1532 ) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 24 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल ( 60 ) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।



आरोग्य मेले का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष

## पार्टी की बागडोर लेने के बाद लगातार हार का सामना करने पर सकपका गये सपा मुखिया : त्रिपाठी

**कौशाम्बी।** हिंदू स्वयंसेवक भारत के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व हिंदु युवा वाहिनी भारत के पूर्व प्रदेश महामंत्री व भाजपा समर्थक मंच के पूर्व प्रदेश युवा अध्यक्ष विपुल त्रिपाठी ने कहा कि विधान सभा व लोकसभा,वा लोकसभा उप चुनाव व एमएलएसी तथा जिला पंचायतो चुनावो मे लगातार पार्टी की हार होने के दौरान सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव कभी देश के प्रधानमंत्री की अल्पायु होने व सूबे के रह चुके उप मुख्यमंत्री को कूडा. देने की बात करते है,तो कभी अपने चाचा प्रसपा अध्यक्ष व ओम प्रकाश राजभर से गठबंघन तोड़ते है कभी पुलिस को अपशब्द कहते है और तो और अपने पदाधिकारीयो पर भरोसा नही है यह साफ कर सभी टीमो का खंडन करते है त्रिपाठी ने इन क्रियाओ को सकपकाहट का नाम देकर यह सब बंद कर नसीहत दी की वो जमीनी स्तर पर उतर कर कार्य कर जनता के दिले मे जगह बनाये।

# बसेढी गांव की सड़क बनी तालाब

अखंड भारत संदेश

> ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर सांसद विधायक और अधिकारी सड़क नहीं बनवा सके, ग्रामीणों के बीच सांसद विधायक के प्रति जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज बिकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा बसेढी की सड़क तालाब बन गई है 2 किलोमीटर रास्ते में पानी भरा रहता है जिससे सड़क पर लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं कई बार ग्रामीणों ने सांसद विधायक से लेकर अधिकारियों तक सड़क की दुर्दशा की बात कही लेकिन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर सांसद विधायक और अधिकारी सड़क नहीं बनवा सके एक तरफ योगी सरकार गड्ढा मुक्त सड़क की बात कर रही है दूसरी तरफ 2 साल से खराब सड़क में घुटने के बराबर पानी भर जाता है और उस पानी भरे रास्ते में ग्रामीणों को आना जाना पड़ता है शिकायत के बाद भी अधिकारी नेता सड़क नहीं बनवा सके हैं जिससे ग्रामीणों के बीच सांसद विधायक के प्रति जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है। विकास की लंबी चौड़ी बात करने वाले जिम्मेदार सड़क की मरम्मत भूल गए बसेड़ी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि 2 साल से सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी हैं मुख्य रास्ते मे घुटनो बराबर पानी हमेशा रोड पर भरा रहता है जिससे आए दिन ग्रामीणों को मुसीबत सामना करना पड़ता है वहाँ के लोग जाए तो जाए किधर से मजबूरी में उसी तालाब में तब्दील सड़क से घुटने भर पानी भरे होने के कारण उसी रास्ते से होकर ग्रामीण गुजरते हैं लेकिन सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में गड्ढा मुक्त सड़क का नारा फेल हो गया।



# शीतला माता मंदिर का रास्ता तालाब में तब्दील....

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारा नगर कड़ा के विकास के लिए सरकार ने करोड़ों की रकम भेजी है लेकिन विकास के नाम पर मिली रकम में जमकर धांधली हुई है जिससे नगर क्षेत्र में विकास नहीं हो सका कड़ा धाम स्थिति शीतला माता मंदिर जाने वाली सड़क पर जलभराव होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती है हल्की बारिश में पूरी सड़क जल मग्न होकर तालाब का रूप ले लेती है नगर के विकास के नाम पर करोड़ों की रकम खर्च किए जाने के बाद जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी है इसी रास्ते पर लेट कर भी श्रद्धालु माता की परिक्रमा करते हैं गंदा पानी में लेट कर माता शीतला की परिक्रमा करने को श्रद्धालु मजबूर है। नगर पंचायत कड़ा धाम शीतला माता मंदिर के मुख्य मार्ग में बरसात होते ही गंदा पानी भर जाता है पूरे वर्ष इस रास्ते में साफ-सफाई का अभाव है मंदिर के रास्ते में गंदगी और पानी भर जाने की शिकायत कई बार स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत कड़ा के अधिशासी अधिकारी से किया जलभराव और गंदगी की जानकारी अधिशासी अधिकारी को होने के बावजूद समस्या के समाधान की ओर पहल नहीं हो सका है माता शीतला के दर्शन करने आए श्रद्धालु आस्था और श्रद्धा के लिए मन्नत पूरी करने के लिए कुबरी घाट गंगा तट से श्रद्धा भक्ति भाव में लेटते हुए परिक्रमा कर माता शीतला के दरबार में मत्था टेक कर भक्त देश के कल्याण और अपने परिवार के सुखमय जीवन के लिए माता शीतला से आशीर्वाद मांगते हैं शीतला माता मंदिर जाने वाले रास्ते में जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात दिलाने की मांग स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से की है।

> जलभराव के रास्ते में लेटकर परिक्रमा करने को मजबूर है श्रद्धालु



शीतला माता मंदिर को जाने वाले रास्ते पर जल भराव का दृश्य

## संपादकीय

# जल की बचत करना, समय की जरूरत

**विश्व** में जल भगवान का दिया हुआ एक ऐसा उपहार है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। वर्तमान में जल का जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है, उससे ऐसा लगने लगा है कि भविष्य में जल का बहुत बड़ा संकट उत्पन्न होने वाला है। जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे सरकारी प्रयास नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं। गांव और शहरों की कई बस्तियों में पेयजल समस्या के हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। सबसे गंभीर बात तो यह है कि इन क्षेत्रों में सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थाएं भी ध्यान नहीं दे रही हैं। क्योंकि अभी तक देखने में आया है कि जितनी आर्थिक सहायता जल के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई है, उसके अनुसार काम नहीं दिखाई दिया। इसलिए सवाल यह भी आता है कि जल संचयन के लिए काम करने वाली संस्थाएं की कार्यप्रणाली को किस हद तक सही माना जा सकता है। वास्तव में होना यह चाहिए कि जिस संस्था के माध्यम से इस प्रकार का काम किया जा रहा है, उसमें उस क्षेत्र के नागरिकों का भी समावेश होना चाहिए। इससे यह होगा कि इन संस्थाओं की मनमानी पर लगाम लगेगी और जल संचयन की दिशा में होने वाले काम में पारदर्शिता आएगी।

**पानी की बर्बादी रोकें:** आज हम जाने अनजाने में जल की बहुत बड़ी मात्रा को फालतू में बहा देते हैं। इस प्रकार की पानी की बबार्दी को हमें समय रहते रोकना ही होगा। क्योंकि हम जानते हैं कि पृथ्वी का बहुत बड़ा भाग पानी से घिरा हुआ है, लेकिन वह पानी व्यक्ति के लिए उपयोगी नहीं है। जो पानी जमीन पर उपलब्ध है, उसमें भी जागरुकता के अभाव में गुणवत्ता का अभाव पैदा होता जा रहा है। जो पानी पीने लायक बचा है, उसके लिए हम कितने जागरूक हैं। यह हमारे किए गए कार्यों से पता चल जाता है। आज मीठा पानी उपलब्ध कराने वाले हमारे कुएं सूखते जा रहे हैं। उसमें जल स्त्रोत लुप्त हो रहे हैं। उसके पीछे एक ही कारण है कि हमने उस पर ध्यान नहीं दिया। इन कुओं को मिटाने में हमारे द्वारा कराए गए बोरिंग भी प्रमुख कारण हैं। इन बोरिंगों के कारण कुछ व्यक्ति पानी का बेतहाशा उपयोग करने लगे हैं। इसे रोके जाने की आवश्यकता है।

**वैश्विक प्रयास की आवश्यकता:** पानी बचाने के लिए व्यक्तिगत प्रयास तो करने ही चाहिए, लेकिन इन व्यक्तिगत प्रयासों से कितनी सफलता मिलेगी। यह बात तर्कों के माध्यम से सही मानी जा सकती है, लेकिन इस प्रकार के व्यक्तिगत प्रयास कहीं न कहीं अपनी ऊर्जा को नष्ट करने जैसा ही है। इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर और वैश्विक स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। जल संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठन अकेले न चलकर दो तीन संगठन मिलकर काम करने का प्रयास करेंगे तो सार्थक परिणाम दिखाई देंगे।

# मंकीपॉक्स से बचाव में होम्योपैथिक औषधियां कारगर

**डॉ. एमडी सिंह**

कोरोना अभी ठीक से खत्म नहीं हुआ है कि अब मंकीपॉक्स की दस्तक ने लोगों को एक नए खौफ में डाल दिया है। मंकीपॉक्स एक ऐसा वायरस है जो मनुष्य से मनुष्य में फैलता है। यानी अगर कोई व्यक्ति किसी संक्रमित के संपर्क में आता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। मंकीपॉक्स ने केंद्र और राज्यों की सरकारों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। मंकीपॉक्स कोई नया रोग नहीं है। यह एक स्मॉल पॉक्स की फैमिली के वायरस द्वारा फैलने वाला संक्रामक रोग है। जिसे पहली बार डेनमार्क की एक प्रयोगशाला में प्रयोगों के लिए लाए गए दो बंदरों में 1958 में पाया गया। बंदरों के अतिरिक्त इसे चूहों और गिलहरियों को भी संक्रमित करते हुए पाया गया है। इन्हीं जानवरों से यह मनुष्य तक पहुंचा। वैसे तो यह कोविड-19 जैसे ही फैलने वाला संक्रामक रोग है, लेकिन भयभीत होने की नहीं इससे सतर्क रहने की जरूरत है। यह अब तक 78 देशों तक पहुंच चुका है। अब तक दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। यह आंकड़ा पूरी तरह कोविड-19 की पुनरावृत्ति है, लेकिन ज्यादा डराने वाली बात यह है कि जिसमें कहा गया कि कुछ युद्धरत देश इसका प्रयोग बायोलॉजिकल हथियार के रूप में कर सकते हैं। इसलिए सारी दुनिया और चिकित्सा पद्धतियों को सतर्क हो जाने की जरूरत है। तीन दिन पहले वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इसको लेकर वर्ल्ड इमरजेंसी की बात कही है। संक्रमित जानवर अथवा मनुष्य के सीधे संपर्क में आने से यह वायरस मुंह, नाक, आंख, कटी-फटी त्वचा एवं शारीरिक संसर्ग के रास्ते अन्य मनुष्य अथवा जानवर तक पहुंच जाता है। संक्रमित व्यक्ति द्वारा प्रयोग किए गए बिस्तर अथवा वस्त्रों द्वारा भी इसका संक्रमण संभव है। 42 वर्ष से नीचे वाले हर उम्र के पुरुष, महिला और बच्चे इससे संक्रमित हो सकते हैं। जिन्हें स्मॉलपॉक्स का टीका लग चुका है अथवा स्मॉलपॉक्स हो चुका है वे इस रोग से संक्रमित नहीं होंगे। भारत की जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा नवयुवकों का है इसलिए हमारे यहां संक्रमित हो सकने वाली जनसंख्या अन्य देशों की तुलना में काफी बड़ी है।

**इनक्यूबेशन पीरियड:** यह रोग के लक्षण मिलने के पहले का वह समय है जिसमें नए संक्रमित मरीज के भीतर संक्रामक वायरस अपनी कॉलोनी विकसित कर रहा होता है। इस संक्रमण में वह समय 3 से 7 दिन का है।

**लक्षण:** सर्वप्रथम सर दर्द, बुखार और बदन दर्द के लक्षण प्रकट होते हैं। फिर छाती और आर्मपिट में लाल रंग रैशेज दिखाई पड़ते हैं, जिनमें तेज खुजली होती है। स्मॉलपॉक्स की तरह के छाले सर्वप्रथम चेहरे पर दिखाई पड़ते हैं फिर हाथ-पैर के तलवों में यह छाले ज्यादा निकलते हैं। एक-दो दिन बाद इन छालों का प्रकोप पूरे शरीर पर दिखाई पड़ने लगता है। पानी भरे छालों में खुजली रहती है। स्मॉलपॉक्स की तरह मंकीपॉक्स के छालों में भी क्रमशः परिवर्तन होते हैं। बाद में छालों में मवाद भर जाता है। दो-तीन दिन उपरांत यह मवाद भी सूख कर चालू पर मोटी-मोटी पिपड़िया (स्केल्स) पड़ जाती हैं।

# दिशा विहीन सा नजर आ रहा है युवा

**प्रेम**

**पिछले** कुछ सालों से देश में पढ़ा लिखा युवा वर्ग भटकाव, तनाव और दिशा विहीन सा नजर आ रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बीच उल्लास के बीच भी देश की 80 प्रतिशत आबादी अपने भविष्य को लेकर चितिंत है। खास तौर से वह पढ़ा लिखा वर्ग जिसके सामने एक अदद नौकरी की लालसा है।भारत में बेरोजगारी का संकट कितना गंभीर है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में हैं और सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। सरकार ने पिछले चार सालों में बेरोजगार होने वाले और आर्थिक तंगी के कारण दिवालिया होने के चलते आत्महत्या करने वालों का आंकड़ा सरकार ने बताया था कि 2020 में बेरोजगारी के कारण 3,548 लोगों ने खुदकुशी कर चुके थे। खुद भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2020 में महामारी की पहली लहर में 1.45 करोड़ लोगों की नौकरी गई। दूसरी लहर में 52 लाख लोगों की और तीसरी लहर में 18 लाख लोगों की नौकरी गई। हमारा देश जिसमें भारत के युवाओं की संख्या बहुत अधिक है। यहाँ तक कि आज इसे सबसे युवा देश कहा जाता है, कदाचित अपने युवाओं की शक्ति को सकारात्मक कार्यों मे लगाने मे असफल रहा है। संयुक्त राष्ट्र के 2014 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष के लगभग 45 यकरोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है। कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरायम पेशा अपनाने को मजबूर हैं। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग रोजी-रोजगार के लिए नेताओं के पीछे-पीछे चलने को मजबूर हैं। बावजूद इसके उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है लेकिन नेताओं की तिजोरियां जरूर भर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है। अगर यही क्रम जारी रहा है तो आगे क्या होगा, यह कहना कठिन होगा। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करने पर उनके अंदर से कुछ इस तरह के विचार सामने आए। भले सरकार विकसित भारत या खुशहाल भारत का ढिढोरा पीटे, किंतु आज रोजी-रोजगार के नाम पर देश की स्थिति भयावह है। जो नीतियां इस संदर्भ में



मनमोहन सिंह की सरकार ने लागू की थी, उसी को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और काफी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इससे युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छोटी-छोटी नौकरियों के लिए युवा लाइन लगा रहे हैं। बावजूद उन्हें नौकरियां नहीं मिल पा रही है। ऐसे में समृद्ध भारत का नारा किस तरह साकार होगा, समझ में नहीं आ रहा है। आज का युवा अपने आज की सोच के अनुसार चार वर्गों में बाँट गया है ।इसमे पहला तबका उस युवा वर्ग का है जो अत्याधिक सम्पन्न वर्ग का है। इस युवा वर्ग ने जीवन में संघर्ष नहीं देखा है और यह युवा शहरों की छका चौंध में रह रहा है। दूसरा तबका उस युवा का है जो उच्च मध्यम वर्ग का है जो आज अपनी शिक्षा के बल पर उड़ना चाहता है। उसके बाद वह युवा वर्ग है जो भारत के मध्यम वर्ग का है जिसका आज उद्देश्य केवल कमा कर रोजी रोटी से अधिक नहीं है। उसके जीवन की कमियाँ उसे नए नए ख्वाब देती है, साथ ही दूसरे सम्पन्न परिवारों को देख कर कभी उत्साह और कभी हताशा का भाव उसके मन में आता है। सम्पन्न बनने के लिए वह पढ़ना चाहता हैं। जिन लोगों मे काबिलियत है वह तो अच्छे विश्वविद्यालय मे चले जाते है बाकी को निजी कॉलेज मे मोटे पैसे खर्च कर के पढ़ना पड़ता है। यही वर्ग है जिसके संख्या देश में बहुतायत है। यही वर्ग आज सबसे ज्यादा भटकाव और उलझन महसूस कर रहा है। रोजगार देने के मामले में सरकार का अपना एक अलग एजेण्डा है। स्वंय रोजगार की सरकार की तमामों योजनाए है लेकिन पेंच ज्यादा है जिसके कारण वह धरातल पर फलीभूत नही हो पा रहे है। और अंतिम वर्ग है जो समाज का आज का आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग है जिसके पास आज मूलभूत साधनों का भी अभाव है। यह वर्ग या तो अपनी पढ़ाई के दौर में पहुंचता ही नहीं है या फिर आज की पढ़ाई के अनुसार कुछ विशेष क्षमता नहीं रखता। उनमे शायद कुछ विशेष क्षमताएं हों परंतु हमारे तथाकथित अध्ययन के स्तर पर उनका आंकलन न होने के कारण वह समाज के अंतिम छोर पर खड़ा है। यह जो अंतिम दो वर्ग हैं उनकी संख्या आज 70 प्रतिशत से अधिक है। इनका भविष्य इनकी नजरों में असुरक्षित है। तमाम कोशिशों के बाद भी इक्का दुक्का को ही तथाकथित सफलता मिल पाती हक। इस वर्ग को जब भी कोई राजनैतिक दल या सामाजिक संस्था अपने साथ खड़ा नजर आता है यह उनका हिमायती बन जाता है । कोई इन्हे समाज के नाम पर, कोई इन्हे जाती के नाम पर, कोई धर्म के नाम पर इन्हे बाँट लेता हक्भारत में बेरोजगारी का संकट कितना गंभीर है, पिछले हफ्ते हुई हिंसा उसकी

> आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बीच उल्लास के बीच भी देश की 80 प्रतिशत आबादी अपने भविष्य को लेकर चितिंत है। खास तौर से वह पढ़ा लिखा वर्ग जिसके सामने एक अदद नौकरी की लालसा है।भारत में बेरोजगारी का संकट कितना गंभीर है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में हैं और सरकार से सवाल पूछ रहे हैं

सिर्फ एक झलक थी. लाखों युवा रोजगार की तलाश में हैं और सरकार से सवाल पूछ रहे हैं. सरकार ने पिछले तीन सालों में बेरोजगार होने वाले और आर्थिक तंगी के कारण दिवालिया होने के चलते आत्महत्या करने वालों का आंकड़ा संसद को बताया है. सरकार ने बताया कि 2020 में बेरोजगारी के कारण 3,548 लोगों ने खुद्कुशी की. खुद भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2020 में महामारी की पहली लहर में 1.45 करोड़ लोगों की नौकरी गई, दूसरी लहर में 52 लाख लोगों की और तीसरी लहर में 18 लाख लोगों की नौकरी गई। यह भी सच है की अधिकांश इस प्रकार के असामाजिक कामों से बचना चाहते है पर उनके पास कोई चारा नहीं हैं। इसके लिए इन्हे दोष देने से काम नहीं चलेगा। कहीं न कहीं बुद्धिजीवी वर्ग को अपनी जिम्मेवारी मान कर इसके निराकरण के विषय में सोचना पड़ेगा। याद रखें की गंगा को दी गयी प्रत्येक गाली गंगोत्री तक जाएगी। इसलिए हमें भी इन युवाओं के लिए सोचना पड़ेगा। हम क्या कर सकते हैं ? सरकार क्या कर सकती है? देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक तरफ भारी सुस्ती छाई है, दूसरी तरफ गंभीर व्यवस्थागत अराजकता है। यह स्थिति अपवाद से आगे निकलकर गैर-जिम्मेदार प्रचलन बन चुकी है। देश में एक चौकाने वाला मामला पिछले वर्ष सामने या था कि आंध्र प्रदेश में 1998 में जिला चयन समिति की परीक्षा पास करने वाले 4,500 उम्मीदवारों को अब जाकर सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक नियमित नौकरी की पेशकश की गई है। नौकरी की आस में इन लोगों के कीमती 24 साल बेकार चले गए इस तरह के तमाम उदाहरण राज्य और केन्द्र सरकार की भर्तियों के भरे पड़े है। यानि मतलब यह कि सरकारी सेवा के लिए होने वाली अधिकत्तर परीक्षाओं में सरकार का रवैया गैर जिम्मदाराना रहा है। देश में 15 साल से अधिक आयु के एक अरब लोगों में से महज 43 से 45 लाख लोग ही श्रमबल के तौर पर उपलब्ध हैं, जिनमें 30 से 40 लाख लोग नौकरी पाने में असमर्थ हैं। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, भारत में जून, 2022 में 39 करोड़ लोगों के पास नौकरियां थीं। ग्रामीण भारत में 80 लाख नौकरियों में कटौती और वेतनभोगी नौकरियों में और 25 लाख की कमी से स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। इन सबके बीच जून, 2022 में भारत की रोजगार दर 35.8 फीसदी रही। ऐसे में, भारत को सालाना दो करोड़ रोजगार सृजित करने की जरूरत है, हालांकि यह भी जरूरत से कम ही होगी। इस तरह के प्रयास समय पर न करने से हम अपने जनसांख्यिकीय लाभांश के बड़े हिस्से को बर्बाद होने के लिए छोड़ देंगे। पीएसयू/सरकारी संस्थानों में परीक्षाओं और भर्ती के मुद्दे पर हमें शहरी बेरोजगारी पर एक राष्ट्रीय वार्ता की पहल की तरफ बढ़ना चाहिए। भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश जनसांख्यिकीय आपदा न साबित हो, हमें रोजगार सृजन और श्रम बाजार के लिए युवाओं की कुशलता की चुनौती पर खरा उतरना होगा। रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है।

# 'हुसैनी शम्मा' जलाना बहुत जरूरी है

**तनवीर जाफरी**

जिस इस्लाम धर्म को अमन, सलामती, शांति,समानता,भाईचारा,वफादारी,ईमान, त्याग और मानवता का धर्म समझा व कहा जाता था वही इस्लाम आज एक बड़ी व 'सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय साजिश' के तहत दुनिया की इस्लाम विरोधी शक्तियों के निशाने पर है। इत्तेफाक से मुसलमान धर्म के परिवार में पैदा होने वाले कुछ आक्रांताओं ,लुटेरों,तानाशाहों,क्रूर शासकों वृहद इस्लामिक साम्राज्य का 'स्वार्थपूर्ण ' राजनैतिक सपना देखने वालों और इन जैसों के पैरोकारों की कारगुजारियों तथा इनकी सोच व फिक्र को इस्लामी सोच व विचारधारा के रूप में प्रचारित कर इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में दुनिया को यह बताना बेहद जरूरी है कि वास्तव में इस्लाम धर्म के असली वारिस,असली प्रेरणा स्त्रोत,आदर्श महापुरुष हैं कौन ? और किन लोगों की कारगुजारियों को हम वास्तविक इस्लामी कारगुजारियां कह सकते हैं पौराणिक कथाओं से लेकर इतिहास में उल्लिखित घटनाओं तक, यदि हम नजर डालें तो लगभग प्रत्येक युग एवं प्रत्येक धर्म एवं विश्वास में जहां अनेकानेक संत,महात्मा, ऋषि मुनि, पैगंबर, फकीर, त्यागी,तपस्वी व सद्गुरु मार्गदर्शक हुये वहीं आसुरी प्रवृति की शक्तियां भी लगभग हर काल व हर धर्म में उपस्थित रहीं। उदाहरण स्वरूप त्रेता युग में जहां मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम ने अवतार लिया वहीं उसी दौर में लंकापति रावण भी अहंकार व दुष्टता का पर्याय बनकर पृथ्वी पर मौजूद था। इसी तरह श्री कृष्ण के दौर में कंस जैसा दुष्ट व अत्याचारी मानवता को कलंकित कर रहा था। जिस दौर में ईसा मसीह जैसी दया व करुणा की प्रतिमूर्ति धरती पर अवतरित हुई उसी समय उसी समाज में उन जैसे दयामूर्ति महापुरुष को सूली पर लटकाने वाला क्रूर गिरोह भी मौजूद था। हिटलर दुनिया के क्रूर तानाशाहों में एक था परन्तु उसकी क्रूरतम कारगुजारियों को ईसाई धर्म या हजरत ईसा की शिक्षा व उनकी सीख से तो नहीं जोड़ा जा सकता ? ठीक उसी तरह जैसे हिन्दू धर्म भगवान राम व भगवान कृष्ण को अपना आदर्श महापुरुष मानता है न कि रावण व कंस को ? यहां तक कि वर्तमान दौर में भी जहाँ भारतीय आदर्श महापुरुष गाँधी का जन्म हुआ वहीँ गोडसे व उसके अनेक आतंकी व हत्यारे साथी भी पैदा हुये जिन्होंने अपने ही देश व अपने ही धर्म के उस गाँधी की मंदिर में हत्या कर दी जिसे पूरी दुनिया कल भी सम्मान की नजरों से देखती थी और आज भी सम्मान की नजरों से देखती है। ठीक इसी तरह इस्लाम धर्म के वजूद में आने के शुरूआती दौर में ही जहाँ इस्लाम पैगंबर हजरत मुहम्मद व उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण में निराकार एकेश्वरवाद के साथ साथ दया,त्याग,अमन,सलामती,शांति,समानता, भाईचारा, वफादारी, ईमान,और मानवता का पैगाम देता हुआ बहुत तेजी आगे बढ़ रहा था वहीं उसी समय से अनेक राजनैतिक व सम्रज्य्वादी फिक्र के लोगों ने भी इस्लाम धर्म का 'चोगा ' ओढ़कर इस्लाम को अपने स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बनाना शुरू कर दिया। इस्लाम के इतिहास में जहाँ हजरत मुहम्मद,हजरत अली,हजरत फातिमा,उनके सुपुत्रों हजरत इमाम हसन व इमाम हुसैन के अतिरिक्त अनेक नबियों,इमामों व सहाबियों ने सद्मार्ग पर चलते हुए इस्लाम के उस वास्तविक स्वरूप को पेश किया जिसकी बदौलत आज पूरे विश्व में इस्लाम धर्म एक लोकप्रिय धर्म की शक्ल में फैल सका,वहीं इसी धर्म में पैगंबर हजरत मुहम्मद के परिवार के दुश्मन,उनके हत्यारे,उन्हें अपमानित करने वाले अनेक क्रूर व आतंकी मानसिकता के अनेक आतंकवादी भी समय समय पर अपने फन उठाते रहे। मुसलमान मां बाप के घर में पैदा परन्तु इस्लामी सिद्धांतों की धज्जियाँ उड़ाने वाले ऐसे ही एक क्रूर,विधर्मी व घोर अत्याचारी सीरियाई शासक का नाम था यजीद इब्न (पुत्र ) मुआविया । यजीद उमैय्याह दौर-ए-खिलाफत का तीसरा खलीफा था। उसे उसके पिता मुआविया ने ही खलीफा (सीरियाई शासक ) के पद पर नियुक्त किया था। यजीद 680 ई० से लेकर अपनी मृत्यु 683 ई० तक अर्थात तीन वर्ष तक शाम (सीरिया) के खलीफा के पद पर रहा। यही इस्लामी इतिहास का वह दौर भी था जब हजरत इमाम हुसैन अपने नाना हजरत मुहम्मद,पिता हजरत अली व अपनी मां हजरत फातिमा द्वारा प्रचारित व प्रसारित किये गये वास्तविक इस्लाम को परवान चढ़ा रहे थे। उस समय तक हजरत इमाम हुसैन के पिता हजरत अली उनकी धर्मपत्नी और हजरत मुहम्मद की बेटी फातिमा और इमाम हुसैन के भाई इमाम हसन की एक के बाद एक कर हत्याएं की जा चुकी थीं। हजरत मुहम्मद के परिवार से ईर्षा व रंजिश रखने वाला यह वही वर्ग था जो देखने सुनने व प्रत्यक्ष रूप से तो मुसलमान नजर आता था। यह कलमा भी पढ़ता था,कुरआन भी पढ़ता,दाढ़ी भी रखता था,टोपी व साफा भी धारण करता था,नमाज रोजा भी पाबन्दी से करता दिखाई देता था और स्वयं को कट्टर मुसलमान भी बताता था। परन्तु वास्तविक इस्लामी सिद्धांतों से इनका दूर तक कोई वास्ता न था। यदि होता तो यह लोग हजरत मुहम्मद के घराने के सदस्यों के दुश्मन आखिर क्योंकर हो जाते ? इब्ने मुल्जिम नमाज पढ़ने के लिये मस्जिद में आये और सजदे की हालत में गये हजरत अली की हत्या क्यों करता ? क्योंकर फातिमा पर आक्रमण किया जाता और उनके घर में आग लगाई जाती ? क्यों हुसैन के भाई हसन को धोखे से जहर देकर शहीद किया जाता ? और इसी मानसिकता इसी विचारधारा और इसी गिरोह से संबंध रखने वाले यजीद ने उस वक़्त के इमाम, हजरत हुसैन से सीरियाई शासक के रूप में बैयत तलब कर डाली अर्थात इस्लामी देश का मुस्लिम शासक होने की मान्यता का तलबगार बन बैठा। इमाम हुसैन को यजीद के चरित्र हीन,क्रूर,विधर्मी,अत्याचारी होने और गैर इस्लामी कामों में उसकी संलिप्तता की खबरें पहुंचती रहती थीं। इमाम हुसैन नहीं चाहते थे कि वह ऐसे बद किरदार व्यक्ति के हाथों पर बैअत कर या उसे किसी इस्लामी मुस्लिम राष्ट्र के खलीफा या शासक होने की मान्यता देकर अपने नाना मुहम्मद ,पिता अली मां फातिमा और भाई हसन द्वारा सींचे गये इस्लाम रुपी विराट वृक्ष को रुस्वा व बदनाम होने का जरा सा भी मौका देकर इतिहास में वास्तविक इस्लामी मान्यताओं को कलंकित होने दें।

# गांधी जी के आंदोलन से हिल गयी थी अंग्रेज सरकार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे के साथ महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने का काम किया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा। इस आंदोलन ने देखते ही देखते ऐसा रूप ले लिया था कि अंग्रेजी सत्ता को दमन के सभी उपाय नाकाफी साबित होने लगे थे। 9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था। 6 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अंग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया। 1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चैधरी, लेना प्रसाद, मांतिगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाई लाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित, अशफकाउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र साबित हो रहा था। बापू के इस मंत्र का भी देशव्यापी असर पड़ा और यह नारा बाद में आजादी पाने का ध्येय मंत्र बन गया। इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। अगस्त क्रांति आन्दोलन में महिलाओं के योगदान को कम तर नहीं आका जा सकता। अरूणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी ने आंदोलन में खूब साथ दिया। अच्युत पटवर्धन, रासबिहारी, मोहन सिंह सरीखे क्रांतिकारियों ने अमूल्य योगदान दिया। 8 अगस्त 1942 को जिस क्रांति का सूत्रपात हुआ उसने यह जाहिर कर दिया कि अब अंग्रेजी हुकूमत टिक नहीं सकती। दरअसल सन 1942 की क्रांति पिछले सत्तावन वर्ष से राष्ट्रीय कांग्रेस जो आंदोलन चला रही थी उसका उफान था। इस आंदोलन के उफान ने अंग्रेजों की आंखें खोल दी थी। इस आंदोलन से सारा देश मानो हिल गया था। इस उफान की पृष्ठभूमि में लोकमान्य तिलक और उनके बाद महात्मा गांधी ने व्यापक जन-जागृति उत्पन्न की थी। हमारे देश को अंग्रेजो की गुलामी से तो आजाद हुये काफी साल हो गये। मगर देश आज भी भ्रष्टाचार, भेदभाव, जातिवाद की गुलामी में जकड़ा हुआ है।

# आत्मनिर्भर नारी भारत का

**संजीव ठाकुर**

**आज** स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

## घड़ी विवाद पर एफटीएच ने माफी मांगी, सेमीफाइनल में हारी थी भारतीय महिला टीम

**बर्मिंघम।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के दौरान घड़ी से जुड़े विवाद पर माफी मांगी और कहा कि वह इस घटना की पूरी समीक्षा करेगा। पेनल्टी



शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया क्योंकि स्कोरबोर्ड पर 8 सेकंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी।

मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चुकी और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने सेमीफाइनल का मुकाबला आखिर में शूटआउट में 0-3 से गंवाया। दोनों टीमें नियमित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। दर्शकों ने भी तकनीकी अधिकारियों के फैसले पर रोष जताया था। एफआईएच ने बयान में कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया और भारत की महिला टीमों के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के दौरान शूटआउट गलती से बहुत जल्दी शुरू हो गया था (तब घड़ी संचालित होने के लिए तैयार नहीं थी) जिसके लिए हम माफी मांगते हैं। बयान में आगे कहा गया है कि इस तरह की परिस्थिति में दोबारा पेनल्टी शूटआउट लेने की प्रक्रिया है और ऐसा किया भी गया। एफआईएच इस घटना की पूरी जांच करेगा ताकि भविष्य में इस तरह के मसलों से बचा जा सके।

## निक किर्गियोस संघर्षपूर्ण जीत से सिटी ओपन के सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन ।** विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में फ्रांसिस टिफोउ को हराकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले रेली ओपेल्का को बारिश से प्रभावित मैच में हराने वाले किर्गियोस ने



टिफोउ को 6-7 (6-7), 7-6 (14-12), 6-2 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने भी दो मैचों में जीत हासिल की। उन्होंने पहले मैक्सिम क्रेसी को 6-4, 7-6 (8) से हराया और फिर वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिकी जेजे वुल्फ 6-2, 6-3 से पराजित करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका दिन के अपने दूसरे मैच में जियू वांग से 6-1, 6-3 से हार गईं। ऑस्ट्रेलिया की डारिया सैविल ने रेबेका मारिनो को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त काया कानेपी ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मैच में अन्ना कालिंस्काया को 6-7 (4), 6-4, 6-3 से हराया।

## प्रीमियर बैडमिंटन लीग का छठा सत्र 17 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के छठे सत्र का आयोजन 17 दिसंबर से 14 जनवरी तक होगा। कोविड-19 महामारी के कारण लीग दो साल के ब्रेक के बाद वापसी करेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हम पीबीएल की वापसी से रोमांचित हैं। यह भारतीय बैडमिंटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसने देश में खेल के विकास में योगदान दिया है। लीग के पिछले पांच सत्र में साइना नेहवाल, पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत जैसे भारतीय सितारों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया है जिसमें ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन, विक्टर एक्सेलसन, ताई त्जू-यिंग और ली चोंग वेई जैसे नाम शामिल है।

# पिछले साल के टी20 विश्व कप के लिए रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत थी : रोहित

**फ्लोरिडा।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अपने रवैये और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए मजबूर हुई। रोहित अब ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के आगामी सत्र में भारतीय टीम की अगुवाई करने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन इससे पहले टीम को एशिया कप में खेलना है।

रोहित ने कहा, 'हमने दुबई में टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि हमने महसूस किया कि हम अपना खेल कैसे खेलते हैं, इस बारे में हमारे रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत है।' भारत गत चैंपियन के रूप में एशिया कप में उतरेगा जिसे टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने पिछले कुछ महीनों में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी शैली अपनाई है और रोहित ने बताया कि टीम आगामी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार हो रही है। उन्होंने कहा, 'अगर कप्तान और कोच से यह संदेश स्पष्ट है कि टीम कहां जाने की कोशिश कर रही है तो हर खिलाड़ी निश्चित रूप से ऐसा करने की कोशिश करेगा। ऐसा करने के लिए उन्हें स्वतंत्रता और स्पष्टता की आवश्यकता है और यही हम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें ज्यादा से ज्यादा आजादी देने की कोशिश कर रहे हैं।' इतने सारे युवा नेतृत्वकर्ताओं की मौजूदगी में टीम की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, 'मुझे पता है कि टीम में इतने सारे नेतृत्वकर्ता तैयार करना रोमांचक है क्योंकि यह हमेशा एक




अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, 'और आप चाहते हैं कि खिलाड़ी दबाव को संभालें, जो खेल को समझते हैं और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। कई कारणों से पिछले आठ महीनों में भारत के छह अलग-अलग कप्तान रहे हैं। रोहित ने कहा, 'मुझे लगता है कि नेतृत्व का होना बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन जाहिर है आप जानते हैं कि हम आईपीएल खेलते हैं और यह 10 टीम का टूर्नामेंट है। इसलिए 10 कप्तान होंगे जो किसी न किसी स्तर पर भारतीय टीम का भी हिस्सा होंगे। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम के लिए कोच राहुल द्रविड़ की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'राहुल भाई के साथ मैंने कुछ मैच खेले हैं क्योंकि जब मैंने एकदिवसीय मैचों में पदार्पण किया था तो वह मेरे पहले कप्तान थे इसलिए जाहिर तौर पर हमारे बीच कुछ आपसी समझ है। जब मैं चोटिल हुआ था तो मैंने एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में काफी समय बिताया है और वह वहां भी थे। भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमारे बीच हर समय नियमित बातचीत होती थी और वह मेरे खेल को भी करीब से देख रहे थे।' 'हिटमैन' के नाम से मशहूर रोहित ने ऐसे कोच के महत्व के बारे में भी बताया जिसका विजन और विश्वास टीम के अनुसार हो। रोहित ने कहा, 'जब वह (द्रविड़) कोच बने तो हम मिले और एक कमरे में कुछ देर साथ बैठे और फैसला किया कि हम चीजों को कैसे आगे बढ़ाना चाहते हैं और काफी हद तक उनके विचार वही थे जो मैं सोच रहा था।' उन्होंने कहा, 'इससे मेरे लिए खिलाड़ियों को एक स्पष्ट संदेश देना थोड़ा आसान हो गया क्योंकि हम समूह के बीच भ्रम पैदा नहीं करना चाहते हैं, और निश्चित रूप से हम चाहते थे कि वह क्रिकेट की शैली को भी बदल दें। हम तीनों प्रारूपों में एक निश्चित तरीके से खेलना चाहते थे और वह यह सब स्वीकार करने के लिए तैयार थे।'

## कुश्ती में 5वां गोल्ड, विनेश फोगाट ने नॉर्डिक फार्मेट में जीता पीला तमगा

**बर्मिंघम।** कॉमनवैल्थ गेम्स 2022 की कुश्ती स्पर्धा में विनेश फोगाट भारत के लिए पांचवां गोल्ड मेडल लेकर आई। नॉर्डिक फार्मेट में खेल रही विनेश ने लगातार तीन मुकाबले जीते



और पीला तमगा हासिल कर लिया। इसी के साथ भारत गेम्स में 11 मेडल जीत चुका है। गेम्स में विनेश के मेडल तक वेटलिफ्टिंग में 10 तो कुश्ती में 9 मेडल आ चुके हैं। विनेश ने गोल्ड मेडल हासिल करने के लिए लगातार 3 मुकाबले जीते। उनका पहला मुकाबला कनाडा की सामंथा लेह स्टीवर्ट के खिलाफ हुआ। विनेश शुरूआत से ही सामंथा पर हावी और उन्हें पिन कर मैच जीत लिया। दूसरा मुकाबला नाइजीरिया की मर्सी अदेकुओरोये के साथ हुआ जिसमें विनेश 6-0 से जीत हासिल की। गोल्ड के लिए विनेश श्रीलंका की चामोद्या मदुरावलगे से भिड़ीं। चोट से उभरी विनेश ने बिना गलती किए चामोद्या को उठने नहीं दिया और गोल्ड मेडल जीत लिया।

**विनेश फोगाट की उपलब्धियां**

**विश्व चैम्पियनशिप**
कांस्य पदक - नूर-सुल्तान 2019, 53 किग्रा

**राष्ट्रमंडल खेल**
स्वर्ण पदक - ग्लासगो 2014, 48 किग्रा
स्वर्ण पदक - गोल्ड कोस्ट 2018, 50 किग्रा

**एशियाई खेल**
स्वर्ण पदक - जकार्ता 2018, 50 किग्रा
कांस्य पदक - इंचियोन 2014, 48 किग्रा

**एशियाई चैंपियनशिप**
स्वर्ण पदक - अल्माटी 2021, 53 किग्रा
रजत पदक - दोहा 2015, 48 किग्रा
रजत पदक - नई दिल्ली 2017, 55 किग्रा
रजत पदक - बिश्केक 2018, 50 किग्रा
कांस्य पदक - नई दिल्ली 2013, 51 किग्रा
कांस्य पदक - बैंकॉक 2016, 53 किग्रा
कांस्य पदक - शीआन 2019, 53 किग्रा
कांस्य पदक - नई दिल्ली 2020, 53 किग्रा

**युवा कुश्ती चैम्पियनशिप**
रजत पदक - जोहान्सबर्ग 2013, 51 किग्रा।

## रवि दहिया ने कुश्ती 57 किग्रा. वर्ग में जीता गोल्ड

**बर्मिंघम।** कॉमनवैल्थ गेम्स 2022 की कुश्ती 57 किलोग्राम वर्ग में भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने नाइजीरिया के पहलवान एबिकेवेनिमो वेलसन को हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया। टोक्यो ओलिम्पिक के सिल्वर मेडल विजेता रवि के सामने गोल्ड की राह में कोई भी पहलवान टिक नहीं पाया। रवि 2015 में विश्व जूनियर चैम्प्यिनशिप में सिल्वर जीतकर चर्चा में आए थे।



**ऐसे आगे बढ़े रवि कुमार दहिया**

**राऊंड 16 (बाई) :** 57 किलोग्राम वर्ग में रवि को राऊंड 16 में बाई मिल गई। **क्वार्टरफाइनल (जीत) :** रवि का मुकाबला न्यूजीलैंड के सूरज सिंह के साथ हुआ जिसमें वह 10-0 से जीते। कीवी पहलवान रवि का मुकाबलाा ही नहीं कर पाया।

**सेमीफाइनल (जीत) :** महत्वपूर्ण मैच में रवि का मुकाबलाा पाकिस्तान के असद अली के खिलाफ हुआ। तकनीकी श्रेष्ठता के साथ रवि ने यह मुकाबला 14-4 से अपने नाम किया।

**फाइनल (जीत):** नाइजीरिया के एबिकेवेनिमो वेलसन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रवि शुरूआत से ही प्रतिद्वंद्वी पर भारी रहे। उन्होंने शुरूआत में ही वेलसन को पांव से पकड़कर घुमा दिया। इसके बाद रवि ने पकड़ नहीं छोड़ी और भारत को गोल्ड दिला दिया।

**ओलिम्पिक खेल**
रजत पदक - टोक्यो 2020, 57 किग्रा

**राष्ट्रमंडल खेल**
स्वर्ण पदक - बर्मिंघम 2022, 57 किग्रा

**विश्व चैम्पियनशिप**
कांस्य पदक - नूर-सुल्तान 2019, 57 किग्रा

**एशियाई चैम्पियनशिप**
स्वर्ण पदक - नई दिल्ली 2020, 57 किग्रा
स्वर्ण पदक - अल्माटी 2021, 57 किग्रा
स्वर्ण पदक - उलानबटार 2022, 57 किग्रा

**विश्व 23 चैम्पियनशिप**
रजत पदक - बुखारेस्ट 2018, 57 किग्रा

**विश्व जूनियर चैम्पियनशिप**
रजत पदक - साल्वाडोर 2015, 55 किग्रा

**टोक्यो ओलिम्पिक के सिल्वर मेडल विजेता रवि के सामने गोल्ड की राह में कोई भी पहलवान टिक नहीं पाया।**

रवि का जन्म 12 दिसंबर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में हुआ। दस साल की उम्र से दहिया उत्तरी दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में सतपाल सिंह से ट्रेनिंग ले रहे हैं। दहिया के पिता राकेश दहिया एक छोटे किसान है जोकि एक दशक तक अपने गांव से छत्रसाल स्टेडियम तक (करीब 39 किलोमीटर) ताजा दूध और फल बेटे को देने जाया करते थे।

## भारतीय टीम ने लॉन बॉल्स पुरूष फोर में रजत जीता

**बर्मिंघम।** भारत ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स स्पर्धा का दूसरा पदक जीता जिसमें पुरूषों की फोर टीम ने फाइनल में उत्तरी आयरलैंड से हारकर रजत पदक से संतोष किया। उत्तरी आयरलैंड ने 18-5 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय टीम में सुनील बहादुर (लीड), नवनीत सिंह (सेंकेड), चंदन कुमार सिंह (थर्ड) और दिनेश कुमार (स्किप) शामिल थे। उत्तरी आयरलैंड ने लॉन बॉल्स में अंतिम स्वर्ण पदक 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था। उसकी टीम में आज कैम बार्कले (लीड), एडम मैकियोन (सेकंड), इयान मैकल्यूर (थर्ड) और मार्टिन मैकह्यूज (स्किप) थे।भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में



मेजबान इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में 13-12 से मात देकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया था। महिलाओं की चौकड़ी ने मंगलवार को भारत को इस स्पर्धा का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया था। उसमें लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकंड), नयनमोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के कई पदक जीतने के बाद रविवार को खिलाड़ियों प्रयासों की सराहना की। महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भावुक हुई और लोगों से माफी मांगने वाली भारतीय पहलवान पूजा गहलोत के एक वीडियो को टैग करते हुए मोदी ने कहा, ''पूजा, आपके पदक के लिए उत्सव होना चाहिए, माफी नहीं।''

उन्होंने कहा, ''आपकी जीवन यात्रा हमें प्रेरित करती है, आपकी सफलता हमें प्रसन्न करती है। आपकी किस्मत में कई शानदार चीजें हैं.... चमकते रहें!'' मोदी ने कांस्य पदक जीतने के लिए पहलवान पूजा सिहाग की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने एक प्रतिभाशाली पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''उसने कभी हार नहीं मानने के रवैये की बदौलत कई चुनौतियों का सामना किया है। उसने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीता है, उसे बधाई। मुझे विश्वास है कि वह आने वाले समय में भारत को गौरवांवित करती रहेगी।''

कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान दीपक नेहरा की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने उल्लेखनीय धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाई।

मोदी ने कहा, ''उन्हें उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनाएं।''

मोदी ने महिला एकल पैरा टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीतने के लिए भाविना पटेल को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ने ट्वीट किया, ''शानदार प्रदर्शन करने वाली भाविना ने हमें गर्व करने का एक और अवसर दिया है। उन्होंने पैरा टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता जो उनका पहला राष्ट्रमंडल पदक है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि उनकी उपलब्धियां भारत के युवाओं को टेबल टेनिस से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगी। मैं भाविना को



उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देता हूं।''मोदी ने पैरा टेबल टेबल में कांस्य पदक जीतने वाली सोनल पटेल के प्रयासों की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, ''जब प्रतिभा, जज्बे और तप का मेल हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। सोनल पटेल ने पैरा टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीतकर इसे सही साबित किया है। उन्हें बधाई।'' मोदी ने कहा, ''मैं प्रार्थना करता हूं कि वह आने वाले समय में भी शानदार प्रदर्शन करती रहे।''

खेलों में कांस्य पदक जीतने के लिए मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि वह एक उत्कृष्ट मुक्केबाज हैं जिन्होंने कई खेल प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। मोदी ने कहा, ''अद्भुत तकनीक और लचीलेपन की बदौलत इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने बर्मिंघम में पुरुषों की 57 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्हें बधाई। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।''प्रधानमंत्री ने मुक्केबाज रोहित टोकस को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी।

मोदी ने कहा, ''उनकी मेहनत और लगन ने शानदार परिणाम दिए हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में उन्हें और भी सफलता मिलेगी।'' प्रधानमंत्री ने देर रात एक ट्वीट कर पहलवान नवीन कुमार को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, ''हमारे पहलवानों ने और गौरव हासिल किया। नवीन कुमार को स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई। उनका उल्लेखनीय आत्मविश्वास और उत्कृष्ट तकनीक देखने को मिली। उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।''

## राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वालों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले मुक्केबाजों रोहित टोकस और मोहम्मद हुसामुद्दीन, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनलबेन पटेल और पहलवानों दीपक नेहरा एवं पूजा सिहाग को रविवार को बधाई दी।

मुर्मू ने ट्वीट किया, ''राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर रोहित टोकस को बधाई। अपने दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए आप कड़े मुकाबले में टिके रहे। आपने सराहनीय प्रदर्शन किया।''

रोहित को पुरुष वेल्टरवेट (63.5 किग्रा-67 किग्रा) के सेमीफाइनल में जाम्बिया के स्टिफेन जिंबा ने 3-2 के खंडित फैसले से हराया। राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट किया, ''राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर मोहम्मद हुसामुद्दीन को बधाई। राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरी बार आपका पद जीतना आपकी निरंतरता और समर्पण को दर्शाता है। आपकी सफलता कई युवाओं को प्रेरित करेगी।''

मोहम्मद हुसामुद्दीन पुरुष फेदरवेट (57 किग्रा) को सेमीफाइनल में घाना के जोसेफ कोमे ने 4-1 के खंडित फैसले से मात दी।

मुर्मू ने कहा, ''राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने पर सोनलबेन पटेल को बधाई। आप जैसी खिलाड़ी लोगों को यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करती हैं कि कोई भी शारीरिक सीमा उत्कृष्ट बनने की अदम्य भावना को हरा नहीं कर सकती। आप सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।'' सोनलबेन ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में इंग्लैंड की सू बेली को 11-5, 11-2, 11-3 से हराया। राष्ट्रपति ने कहा, ''राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर दीपक नेहरा को बधाई। आपने बहुत कम आयु में उत्कृष्टता का उच्च स्तर छुआ। आपके शानदार पदार्पण के मद्देनजर भारत को आपसे और भी कई बेहतरीन उपलब्धियों की उम्मीद है।'' पुरूषों के 97 किलो वर्ग में दीपक नेहरा ने पाकिस्तान के तैयब रजा को अंकों के आधार पर 10 .2 से हराकर कांस्य पदक जीता। मुर्मू ने एक अन्य ट्वीट किया, ''राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली पूजा सिहाग को हार्दिक बधाई। आपने अंतरराष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्टता तक पहुंचने के लिए बाधाओं को पार किया। आपका धैर्य और दृढ़ संकल्प महिलाओं सहित लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।''

महिलाओं के 76 किलो वर्ग में पूजा सिहाग ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आस्ट्रेलिया की नाओमी डि ब्रूइन को 11 . 0 से मात देकर कांस्य अपने नाम किया।

## नवीन सिहाग ने कुश्ती 74 किग्रा. में दिलाया भारत को गोल्ड

**नई दिल्ली।** कॉमनवैल्थ गेम्स 2022 की कुश्ती स्पर्धा के 74 किग्रा. वर्ग में भारतीय पहलवान नवीन सिहाग ने देश को छठा गोल्ड मेडल दिलाया। नवीन के सामने फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के ताहिर थे लेकिन भारतीय पहलवान ने अपने दांव पेच से यह मुकाबला एकतरफा कर दिया। नवीन के इस मेडल के साथ भारत के गेम्स में कुल 10 मेडल हो गए। वेटलिफ्टिंग से भी भारत ने 10 मेडल जीते हैं।

**कॉमनवैल्थ गेम्स 2022 में ऐसा रहा नवीन का सफर**

**राऊंड 16 (जीत):** नाइजीरिया के जान के खिलाफ पहला ही मुकाबला जोरदार हुआ। नवीन इसमें 13-3 से



जीतने में सफल रहे।

**क्वार्टरफाइनल (जीत):** सिंगापुर के लो होंग येओव के खिलाफ मुकाबला भी एकतरफा रहा। उन्होंने 10-0 से यह मुकाबला जीता।

**सेमीफाइनल (जीत) :** इंगलैंड के चार्ली बॉलिंग के खिलाफ भी नवीन ने एकतरफा मुकाबला खेला। भारतीय पहलवान की तेजी के आगे वह टिक नहीं पाए। नवीन ने यह मुकाबला 12-1 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल (जीत) : नवीन का फाइनल में पाकिस्तान के ताहिर के साथ मुकाबला हुआ। पाक पहलवान नवीन के दांवपेच के आगे टिक नहीं पाया और 9-0 से मुकाबला गंवा बैठा।

